दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K
RNI No.MPHIN/2003/10309


# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-23 अंक-83 सीहोर, शुक्रवार 15 मई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना


## सबरीमला मंदिर और महिलाओं के खिलाफ धार्मिक भेदभाव पर बहस पूरी

### -सुप्रीम कोर्ट ने 16 दिन सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा



नईदिल्ली, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थानों पर महिलाओं के खिलाफ भेदभाव से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई पूरी हो गई है। कोर्ट की 9 जजों की संवैधानिक पीठ ने मामले पर लगातार 16 दिन तक सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब कोर्ट ने सभी पक्षकारों को 29 मई तक लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। आइए समझते हैं सुनवाई के दौरान क्या-क्या हुआ?

सुनवाई मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 9 जजों की पीठ ने की। इसमें जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, जस्टिस अरविंद कुमार, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, जस्टिस प्रशांत वराले, जस्टिस आर महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। 2018 में सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की पीठ ने सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक को असंवैधानिक बताया था। इसके खिलाफ पुनर्विचार याचिकाएं दायर हुई थीं, इसलिए मामला बड़ी पीठ को भेजा गया।

कोर्ट में सबरीमाला के अलावा कई और याचिकाओं पर भी सुनवाई हुई। इनमें मुंबई की हाजी अली दरगाह में महिलाओं को अंदरूनी हिस्से में प्रवेश से रोकने का मामला भी है। इसके अलावा दाऊदी बोहरा समुदाय में कथित तौर पर होने वाली खतना प्रथा को भी चुनौती दी गई है। वहीं, पारसी समुदाय की महिलाओं द्वारा गैर-पारसी पुरुषों से शादी करने के बाद उन्हें कुछ मंदिरों में प्रवेश नहीं देने का मामला भी शामिल हैं।

### बंगला रजिस्ट्री मामलाः कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार से मांगा जवाब, कांग्रेस ने लगाई थी गुहार

नई दिल्ली(आरएनएस)। नई दिल्ली के जंतर-मंतर रोड स्थित एक पुराने बंगले की रजिस्ट्री को लेकर कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है. अदालत ने मामले में केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. पार्टी का दावा है कि यह बंगला उसे 1956 में आवंटित हुआ था और वर्षों पहले पूरी भुगतान प्रक्रिया भी पूरी कर दी गई थी, बावजूद इसके अब तक इसकी रजिस्ट्री नहीं हो पाई है.दिल्ली हाईकोर्ट ने जंतर-मंतर रोड के एक बंगले का रजिस्ट्री कराने की कांग्रेस पार्टी की मांग पर सुनवाई करते हुए केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है. जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव की बेंच ने नोटिस जारी करने का आदेश दिया. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कांग्रेस पार्टी की याचिका के सुनवाई योग्य होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे अंतरिम सुरक्षा की मांग पर तभी विचार करेंगे जब वो इस सवाल पर संतुष्ट हो जाएगा कि याचिका सुनवाई के योग्य है। कांग्रेस पार्टी ने अपनी याचिका में कहा है कि 7, जंतर-मंतर रोड का बंगला उसे 16 जनवरी 1956 में ही आवंटित किया गया था. इसके लिए पार्टी ने 1959 में ही पूरा पैसा जमा कर दिया था.

## एनआईए ने 10 आरोपियों के खिलाफ 7,500 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया

### -लाल किला विस्फोट मामला



नई दिल्ली, (आरएनएस)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए-राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) ने लाल किला इलाके में कार बम विस्फोट मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ 7,500 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया है. अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पिछले साल 10 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी को दहला देने वाले इस उच्च तीव्रता के विस्फोट में 11 लोगों की मौत हुई थी, कई लोग घायल हुए थे और बड़े पैमाने पर संपत्ति को नुकसान पहुंचा था.एनआईए द्वारा जारी बयान के अनुसार, मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी (मृत) समेत सभी 10 आरोपी अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े थे, जो भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) का एक सहयोगी संगठन है. आरोपपत्र यहां पटियाला हाउस कोर्ट स्थित एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल किया गया। पटियाला हाउस कोर्ट में स्पेशल एनआईए कोर्ट में फाइल की गई चार्जशीट के मुताबिक, यह साजिश एक्यूआईएस विचारधारा से प्रेरित और अंसार ग़ज़्वत-उल-हिंद (एजीयूएच) के बैनर तले काम कर रहे एक कट्टरपंथी आतंकवादी मॉड्यूल ने रची थी।

## देवास पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 3 की मौत



देवास (आरएनएस)। जिले के टोंक कलां इलाके में गुरुवार सुबह पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ। हादसे में धीरज, सनी और सुमित नाम के 3 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए हैं। मजदूर उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। ब्लास्ट इतना तेज था कि शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे। विस्फोट में फैक्ट्री की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के बाद प्रशासन ने फैक्ट्री को सील कर दिया। वहीं, पुलिस ने फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया है। देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया 12 घायल देवास जिला अस्पताल में भर्ती हैं, जिनकी हालत ठीक है। इन्हें कल शाम तक डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। करीब 6 लोग देवास के अमलतास अस्पताल में भर्ती हैं। इंदौर के M Y अस्पताल में 3 और चोइथराम में 4 घायलों का इलाज चल रहा है।मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि दो केमिकल मिलाकर बारूद बनाया जा रहा था। इसी दौरान केमिकल की मात्रा सही नहीं मिलने से ब्लास्ट हो गया। लोगों के अनुसार, जहां विस्फोट हुआ वहां 15 से 20 मजदूर काम कर रहे थे।

लंच से 15 से 20 मिनट पहले फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ। लोगों ने बताया कि कर्मचारियों का खाना आ चुका था, लेकिन हादसे के बाद लोग खाना छोड़कर जान बचाने के लिए भागे।


घटना के बाद ग्रामीणों ने कमिश्नर का घेराव कर आरोप लगाया कि अवैध फैक्ट्री के खिलाफ पहले कोई कार्रवाई नहीं हुई। फैक्ट्री में करीब 400 से 500 लोग काम करते हैं। पुरुष मजदूरों को 400 रुपए और महिला मजदूरों को 250 रुपए मजदूरी दी जाती थी। भुगतान हर हफ्ते किया जाता था।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर दुख जताया



देवास (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर दुख जताया। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा समेत वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर जांच के निर्देश दिए। सरकार ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और घायलों के मुफ्त इलाज की घोषणा की।

## शिकोहपुर जमीन सौदा मामले में रॉबर्ट वाड्रा को राहत नहीं, हाईकोर्ट का ट्रायल कोर्ट के समन पर रोक लगाने से इनकार



नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लाउंड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा को बतौर आरोपी समन जारी करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है. जस्टिस मनोज जैन की बेंच ने रॉबर्ड वाड्रा को कुछ सवालों के स्पष्टीकरण के लिए 18 मई को सुनवाई करने का आदेश दिया है।

आज सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश वकील जोहेब हुसैन ने कहा कि वाड्रा ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका में झूठी दलीलें दी हैं. हुसैन की इस सूचना के बाद कोर्ट ने वाड्रा से इस मामले पर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया.हाईकोर्ट ने वाड्रा के खिलाफ जारी समन पर रोक लगने से इनकार करते हुए उन्हें 16 मई को ट्रायल कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया।

## दिल्ली में निजी बस के अंदर महिला से गैंगरेप, चालक और परिचालक गिरफ्तार

नईदिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली में निर्भया कांड की याद दिलाने वाली एक और घटना सामने आई है। यहां के रानी बाग इलाके में एक निजी बस में महिला का गैंगरेप किया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार रात को घटी है। पीड़ित महिला पीतमपुरा की एक झुग्गी बस्ती में रहने वाली है और मंगोलपुरी की एक फैक्ट्री में काम करती है। उसकी शिकायत पर पुलिस ने बस के चालक और परिचालक को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 11 मई की रात महिला काम के बाद घर लौट रही थी।




तभी सरस्वती विहार के बस स्टॉप पर एक स्लीपर बस रुकी। महिला ने बस के दरवाजे पर खड़े एक व्यक्ति से समय पूछा, जिसके बाद उसे जबरन अंदर खींच लिया और बस को नांगलोई ले गए। महिला का आरोप है कि बस में उसका रेप हुआ है। वह विवाहित है और 3 बच्चों की मां है। पुलिस ने महिला का मेडिकल परीक्षण कराया है। महिला ने पुलिस को बताया कि घटना वाली रात बस में 3 लोग सवार थे, जिनमें से 2 व्यक्तियों पर उसने अपहरण और बलात्कार का आरोप लगाया है। घटना में शामिल बस रॉयल ट्रेवल्स एंड कार्गो बताई जा रही है, जिसका मुख्यालय फरीदाबाद के श्री हरि प्लाजा स्थित बेसमेंट में है। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है और आरोपियों से पूछताछ कर रही है। उसने फॉरेंसिक टीम को भी जांच में लगाया है।

## ओमान तट पर भारतीय ध्वज वाला जहाज संदिग्ध ड्रोन-मिसाइल हमले से डूबा, भारत ने निंदा की



नईदिल्ली (आरएनएस)। ओमान के तट पर बुधवार को भारतीय ध्वज वाले मालवाहक जहाज पर संदिग्ध ड्रोन-मिसाइल से हमला हुआ था, जिससे जहाज डूब गया था। गुरुवार को भारत सरकार ने हमले की निंदा की है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में हमले को अस्वीकार्य बताया और लगातार वाणिज्यिक जहाजों और नागरिकों जहाजों पर हो रहे हमलों की निंदा की। मंत्रालय ने जहाज पर सवार सभी भारतीय चालक दल के सदस्यों को बचाने के लिए ओमानी अधिकारियों का धन्यवाद दिया है। मंत्रालय ने बयान में कहा, कल ओमान तट पर भारतीय ध्वज वाले जहाज पर हुआ हमला अस्वीकार्य है और हम निंदा करते हैं कि वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक नाविकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है।

## एमपी में सांची ने बढ़ाए दूध के दाम, आज से मिलेगा 2 रुपए लीटर महंगा



भोपाल (आरएनएस)। अमूल और मदर डेयरी के बाद मध्य प्रदेश सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ के उत्पाद सांची ने भी दूध के दाम में बढ़ोतरी करने का फैसला ले लिया है। अब प्रदेश के उपभोक्ताओं को दूध की सभी श्रेणियों के लिए 2 रुपए प्रति लीटर अतिरिक्त चुकाने होंगे। बता दें कि, नई कीमतें 15 मई से लागू कर दी जाएंगी।बता दें कि, नई कीमतें प्रभावी होने के बाद आज तक आप जिस आधे लीटर दूध के पैकेट को 35 रुपए में खरीद रहे हैं, वही पैकेट कल से आपको 36 रुपए में मिलेगा। जबकि 70 रुपए वाला एक लीटर दूध का पैकेट कल से 72 रुपए की दर से मिलेगा।इस संबंध में जानकारी देते हुए सांची के एमडी संजय गोवाणी का कहना है कि, उत्पादन और परिवहन लागत में लगातार बढ़ोतरी होने के कारण कीमतें बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

## कोच्चि से लक्षद्वीप के बीच भारत का पहला समुद्री विमान, अगाती हवाई अड्डे पर सफल ट्रायल

एर्नाकुलम (आरएनएस)। केरलम के कोच्चि से खूबसूरत द्वीप समूह लक्षद्वीप तक भारत के पहले समुद्री विमान (सीप्लेन) का चलना जल्द ही साकार होने वाला है। दोनों इलाकों में समुद्री विमान का ट्रॉयल सफल हो गया है। भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण ने गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि लक्षद्वीप भारत की पहली सीप्लेन कनेक्टिविटी का स्वागत करने के लिए तैयार है। प्राधिकरण ने कहा कि अगाती वॉटरड्रोम पर सीप्लेन का सफल ट्रायल लैंडिंग हुआ, जो एक बड़ा मील का पत्थर है।प्राधिकरण ने आगे कहा कि प्रस्तावित सीप्लेन कनेक्टिविटी का उद्देश्य कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को कल्पेनी, कदमत, किल्टन, कवरत्ती और अगाती से जोड़ना है।

## देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेश में एसआईआर की घोषणा

### -चुनाव आयोग ने तीसरे चरण का किया ऐलान




नई दिल्ली (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल और असम चुनावों के बाद निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (विशेष गहन पुनरीक्षण) के तीसरे चरण की घोषणा की है. यह 20 मई से अलग-अलग तरीकों से शुरू होगा.आयोग ने कहा कि, जनगणना के तहत चल रहे घरों की लिस्टिंग के साथ कॉमन फील्ड मशीनरी को ध्यान में रखते हुए एसआईआर फेज 3 का शेड्यूल तय किया गया है. निर्वाचन आयोग ने बताया कि, एसआईआर का तीसरा फेज पूरा होने के बाद, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरा देश कवर हो जाएगा.जिन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची को सही करने के लिए एसआईआर किया जाएगा, उनमें ओडिशा, मिजोरम, मणिपुर, सिक्किम, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, तेलंगाना, पंजाब, कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली, नागालैंड और त्रिपुरा शामिल हैं।




## अंडमान और निकोबार में 16 मई को पहुंचेगा मानसून, जून के अंतिम सप्ताह में मानसून पूर्व बारिश का दिखेगा असर

नईदिल्ल(आरएनएस)। गर्मी से जूझ रहे लोगों को इस बार मानसून की बारिश थोड़ी जल्दी राहत दे सकती है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून 16 मई को दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान सागर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ सकता है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगर 16 मई तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में बारिश शुरू होती है तो मानसून 25 से 30 मई तक केरलम में प्रवेश कर सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, अंडमान और निकोबार मानसून पहुंचने पर अरब सागर शाखा और बंगाल की खाड़ी शाखा में बंटता है। ऐसे में अरब सागर शाखा अगर 30 मई तक केरलम में बारिश शुरू करता है तो यह कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर समय से पहले पहुंचेगा। हालांकि, दक्षिण के राज्यों में मानसून पूर्व बारिश शुरू हो गई है। इन इलाकों में 17 मई तक भारी बारिश की संभावना जताई गई है।अंडमान और निकोबार से निकलकर बंगाल की खाड़ी मानसून शाखा पूर्वोत्तर राज्य, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और दिल्ली तक 15 जुलाई तक फैल जाती है।

## उत्तर प्रदेश की आंधी-तूफान में 56 की मौत; बरेली में उड़ा व्यक्ति, 38 जिलों में अलर्ट



लखनऊ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में बुधवार रात को पश्चिमी विक्षोभ का भयानक असर दिखा। यहां तेज आंधी-तूफान, बारिश-ओलावृष्टि और बिजली गिरने से हाहाकार मच गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रयागराज, फतेहपुर, बदायूं, बरेली, कानपुर, उन्नाव और भदोही समेत कई जिलों में पेड़ गिरने, पोल उखड़ने, आसमानी बिजली गिरने और मकान गिरने से 56 लोगों की मौत हुई है, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हैं। भारतीय मौसम विभाग ने करीब 38 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 50 से 80 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली आंधी की वजह से कई जिलों में बड़ा नुकसान हुआ है। प्रयागराज में 10, उन्नाव में 7, बदायूं में 5, बरेली में 4 फतेहपुर में 5, भदोही में 10 की मौत हुई है। भदोही में एक मकान पर नीम का पेड़ गिरने से 4 की मौत हो गई। सीतापुर में पेड़ गिरने से 2 और रायबरेली में बिजली गिरने से एक किशोरी समेत 3 की मौत हुई है।

बरेली में आंधी की रफ्तार काफी तेज दिखी। यहां से एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति आंधी के कारण टीन शेड के साथ हवा में उड़ता दिख रहा है। घटना बरेली के भमोरा थाना के बमियाना गांव की बताई जा रही है। हवा में उड़कर नीचे गिरने के बाद युवक घायल हो गया है। उसकी पहचान नन्हे के रूप में हुई है।

## संजय कपूर संपत्ति विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने ली चुटकी- इसके सामने महाभारत भी छोटी लगेगी

नईदिल्ली, (आरएनएस)। दिग्गज कारोबारी और करिश्मा कपूर के पूर्व पति संजय कपूर के परिवार में चल रहा संपत्ति का झगड़ा अब देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच गया है।



30,000 करोड़ रुपये की भारी-भरकम जायदाद को लेकर अपनों के बीच मचे इस घमासान को देखकर सुप्रीम कोर्ट भी हैरान है। मामले की गंभीरता और परिवार की आपसी कलह देखते हुए कोर्ट ने यहां तक कह दिया कि ये विवाद इतना बड़ा और पेचीदा है कि इसके सामने महाभारत भी छोटी लगने लगेगी।

ये टिप्पणी जज जेबी पारदीवाला की पीठ ने की। अदालत संजय कपूर की 80 वर्षीय मां रानी कपूर की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरके फैमिली ट्रस्ट और परिवार के अन्य सदस्यों के बीच विवाद में रानी ने कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की है। 30,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को लेकर चल रहे इस मामले पर जज ने कहा कि ये टकराव इतना गंभीर है कि इसके सामने महाभारत का युद्ध भी छोटा लगता है। जज ने कहा, हम एक ऐसे अखाड़े में दाखिल हो चुके हैं, जिसके सामने महाभारत भी बहुत छोटी लगेगी। ये टिप्पणी तब आई, जब वकीलों ने फैमिली ट्रस्ट के कामकाज और कंपनी बोर्ड की प्रस्तावित बैठक को लेकर नए आरोप लगाए। रानी कपूर की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने साफ किया कि यह विवाद अब गंभीर स्तर पर पहुंच चुका है और अदालत इसकी हर पहलू से जांच करेगी।



# भोपाल मेट्रो के अंडरग्राउंड रूट पर सुनवाई नहीं हुई

**अब 23 जून को दोनों पक्ष रखेंगे अपना पक्ष; मेट्रो के अंडरग्राउंड रूट पर आपत्ति**



भोपाल (निप्र)। भोपाल में कब्रिस्तान के नीचे से मेट्रो के गुजरने को लेकर गुरुवार को वक्फ ट्रब्यूनल में सुनवाई नहीं हो पाई। आज स्टे पर बहस होनी थी। अब अगली सुनवाई 23 जून को होगी बता दें कि मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर वक्फ संपत्तियों पर विवाद अब कानूनी हो गया है। भोपाल टॉकीज स्थित प्राचीन कब्रिस्तान के नीचे प्रस्तावित अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन और नारियलखेड़ा की वक्फ जमीन पर निर्माण के खिलाफ कमेटी इंतेजामियां औकाफ-ए-अम्मा ने मध्यप्रदेश राज्य वक्फ अधिकरण में दो अलग-अलग प्रकरण दायर किए हैं कमेटी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अंसार उल हक और अधिवक्ता इब्राहिम सरवत शरीफ खान पैरवी कर रहे हैं। अधिवक्ता खान ने बताया कि दोनों मामलों में मेट्रो निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। इसे लेकर दो सुनवाई हो चुकी है। आज सुनवाई थी, लेकिन न्यायाधीश के अवकाश पर होने से यह तारीख 23 जून हो गई है। पहले प्रकरण में हमीदिया रोड स्थित मासूमा तकिया अम्मनशाह, मस्जिद नूरानी, मुल्लाशाह और अन्य पंजीकृत वक्फ कब्रिस्तान क्षेत्रों के नीचे से अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन निकालने की योजना पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई है। याचिका में कहा गया है कि यह कब्रिस्तान न केवल ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि शहर के सबसे पुराने और बड़े कब्रिस्तानों में शुमार है, जहां हजारों की संख्या में कब्रें मौजूद हैं। कमेटी का दावा है कि प्रस्तावित मेट्रो लाइन से करीब एक एकड़ क्षेत्र सीधे प्रभावित हो सकता है, जिससे बड़ी संख्या में कब्रों के अस्तित्व और संरचना पर खतरा उत्पन्न होगा। यह भी आरोप लगाया गया है कि मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने अब तक इस क्षेत्र का विस्तृत नक्शा, तकनीकी रिपोर्ट या सुरक्षा आकलन सार्वजनिक नहीं किया है, जिससे आशंकाएं और बढ़ गई हैं। अधिवक्ता खान का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट और अलग-अलग हाईकोर्ट के कई फैसलों में स्पष्ट किया गया है कि कब्रिस्तान की मूल प्रकृति (नयत) को किसी भी हालत में बदला नहीं जा सकता। उन्होंने दलील दी कि भले ही मेट्रो लाइन को अंडरग्राउंड बताया जा रहा हो, लेकिन कब्रिस्तान के नीचे खुदाई, सुरंग निर्माण और कंपन से वहां मौजूद कब्रों और धार्मिक ढांचों को नुकसान पहुंच सकता है।

# जनगणना 2027 : मप्र में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य जारी, प्रदेशवासियों से सहयोग की अपील




भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य 01 मई 2026 से प्रारंभ होकर 30 मई 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मकान, परिवार एवं अन्य संरचनाओं से संबंधित जानकारी डिजिटल माध्यम से संकलित की जा रही है। प्रदेशवासियों द्वारा इस अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता की जा रही है।गृह विभाग की सचिव एवं जनगणना नोडल अधिकारी शिखा गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि अभियान के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई है कि कुछ नागरिकों द्वारा स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद अपनी स्व-गणना आईडी प्रगणकों के साथ साझा नहीं की जा रही है अथवा साझा करने में संकोच किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों से अनुरोध किया है कि यदि परिवार द्वारा स्व-गणना पूर्ण कर ली गई है, तो प्रगणक के आगमन पर अपनी स्व-गणना आईडी अवश्य साझा करें। इससे नागरिकों का समय बचेगा तथा परिवार की सटीक जानकारी जनगणना अभिलेखों में दर्ज की जा सकेगी। नागरिक सही एवं पूर्ण जानकारी देकर जनगणना 2027 के सफल संचालन में सहभागिता सुनिश्चित करें तथा प्रगणकों को आवश्यक सहयोग प्रदान कर राष्ट्र निर्माण के इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाएं। नोडल अधिकारी शिखा गुप्ता ने बताया कि जिन परिवारों द्वारा स्व-गणना नहीं की गई है, उनसे आग्रह किया गया है कि वे प्रगणकों को सही, स्पष्ट एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर राष्ट्र के इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग प्रदान करें। प्रत्येक प्रगणक के पास चार्ज अधिकारी द्वारा जारी अधिकृत परिचय पत्र उपलब्ध रहता है। आमजन प्रगणक से उनका परिचय पत्र देखकर उनकी पहचान सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनगणना के अंतर्गत संकलित की गई समस्त जानकारी जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 15 के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है। इस जानकारी का उपयोग किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता। साथ ही, जनगणना के दौरान प्राप्त जानकारी के आधार पर किसी व्यक्ति को वर्तमान में प्राप्त किसी हित-लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता तथा न ही कोई नवीन लाभ दिया जा सकता है। जनगणना में प्राप्त जानकारी का उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाता है तथा व्यक्तिगत जानकारी सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत भी साझा नहीं की जाती।

# अब बिजली खरीद समझौतों के लिए कैबिनेट की पूर्व मंजूरी होगी अनिवार्य




भोपाल (निप्र) । मध्य प्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने निर्णय लिया है कि नई दीर्घकालीन और मध्यकालीन बिजली खरीद समझौते (पीपीए) और बिजली आपूर्ति समझौते (पीएसए) मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की मंजूरी के बाद ही लागू किये जा सकेंगे। ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि अब तक समझौते कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा अनुमोदित किए जाते थे, लेकिन अब सभी नए समझौतों के लिए कैबिनेट स्तर की मंजूरी प्राप्त करने का प्रस्ताव किया गया है। ऊर्जा विभाग और राज्य सरकार पहले से मौजूद लगभग 1,795 छोटे, बड़े एवं लघु तथा दीर्घ अवधि के बिजली खरीद समझौतों और 26,012 मेगावाट की क्षमता के फलस्वरूप वर्तमान में प्रदेश में निर्वाध विद्युत सप्लाई कर रही है। साथ ही मध्यप्रदेश एनर्जी सरप्लस राज्य के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस नीति में बदलाव का प्रमुख कारण यह है कि दीर्घकालीन बिजली खरीद समझौते अत्यंत महत्वपूर्ण वित्तीय प्रतिबद्धताएं हैं, जो वर्षों तक सरकार को प्रभावित करती हैं। इसलिए आवश्यक है कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये समझौते राज्य के हित में हो और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करें। एक अन्य कारण यह भी है कि वर्तमान में नई तकनीकी के कारण बायोमास, सोलर बेट्री स्टोरेज, पम्प हाउड्रो स्टोरेज, न्यूक्लियर एनर्जी जैसी कई नई तकनीकों से उत्पादित होने वाली ऊर्जा के अनुबंधों के प्रस्ताव आ रहे हैं, इस बारे में राज्य शासन और वित्त विभाग के परामर्श की आवश्यकता महसूस हो रही है। अपर मुख्य सचिव मंडलोई ने बताया कि बोर्ड ने गहन विचार-विमर्श के बाद वर्तमान ऊर्जा की उपलब्धता और राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं की वर्तमान एवं भविष्य की व्यवस्था को देखते हुए यह निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी

# मध्यप्रदेश की बेटियों का शानदार प्रदर्शन, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण और रजत पदक

## 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप 226 में प्रथा राठौड़ और प्रार्थना सेन ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

भोपाल (ए.)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत संचालित म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी, भोपाल में आयोजित 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप 2026 के अंतर्गत आज 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (वुमेन) स्पर्धा का सफल आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से आई महिला निशानेबाज़ों ने उत्कृष्ट तकनीकी कौशल, धैर्य एवं एकाग्रता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें अकादमी की युवा निशानेबाज़ों ने अपने आत्मविश्वास, अनुशासन और सटीक निशानेबाजी से सभी का ध्यान आकर्षित किया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने यह सिद्ध किया कि मध्यप्रदेश की खेल



अकादमियाँ राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाओं को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**प्रथा राठौड़ ने जीता स्वर्ण एवं रजत पदक**

50 मीटर राइफल 3 पोजिशन युथ महिला वर्ग में म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी कु. प्रथा राठौड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। इसके साथ ही उन्होंने जूनियर वर्ग में रजत पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। वहीं सीनियर वर्ग में भी प्रथा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छठा स्थान हासिल किया। पूरे मुकाबले के दौरान उन्होंने संतुलित एवं प्रभावशाली निशानेबाजी का परिचय देते हुए अपनी तकनीकी दक्षता और मानसिक मजबूती साबित की।

**प्रार्थना सेन ने भी साधा पदक पर निशाना**

अकादमी की होनहार खिलाड़ी कु. प्रार्थना सेन ने भी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए युथ वर्ग में रजत पदक अर्जित किया। इसके अतिरिक्त जूनियर वर्ग में उन्होंने पाँचवाँ स्थान प्राप्त कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता में उनके निरंतर प्रदर्शन और आत्मविश्वास ने दर्शकों एवं विशेषज्ञों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों, रेलवे, सेना एवं अन्य संस्थानों के खिलाड़ियों ने सहभागिता की। खिलाड़ियों ने उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को रोमांचक बनाया।



एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप और लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण सिंह ने गुरुवार को पंचानन भवन में निगम की गतिविधियों की समीक्षा की।

# प्रदेश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 प्रभावी : लापरवाही और नियमों के उल्लंघन पर होगी दंडात्मक कार्रवाई : आयुक्त श्री भोंडवे

भोपाल (ए.)। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने सभी नगरीय निकायों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब शहर से कचरा केवल हटाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि वेस्ट टू वेल्थ की परिकल्पना को साकार करते हुए रिसायकल के लिए इसका जिम्मेदारी से प्रबंधन करना आवश्यक है। इन नवीन नियमों के तहत अब प्रत्येक घर में कचरे का अलग-अलग संग्रहण अनिवार्य किया है, अब नागरिकों को गीला, सूखा और घरेलू हानिकारक कचरा पृथक डस्टबिन में देना होगा। इस सुव्यवस्थित प्रक्रिया के माध्यम से गीले कचरे से जैविक खाद का निर्माण किया जाएगा तथा सूखे कचरे का वैज्ञानिक तरीके से पुनर्चक्रण होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्वच्छता अब सिर्फ आदत नहीं, बल्कि एक अनिवार्य जिम्मेदारी है। खुले में कचरा फेंकने, प्लास्टिक जलाने या सार्वजनिक स्थानों को गंदा करने जैसी गतिविधियों पर अब कड़ी कार्रवाई होगी तथा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में दंडात्मक प्रक्रिया के साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा। इसके अतिरिक्त, थोक कचरा उत्पादकों (B W G) को भी अपने परिसर में ही कचरे का ऑन-साइट प्रसंस्करण करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत सुरक्षित पर्यावरण और स्वस्थ भविष्य के निर्माण के लिए राज्य के 406 नगरीय निकाय पूर्णतः कटिबद्ध हैं, जिनमें 28 नए निकाय पहली बार इस प्रतिस्पर्धा में शामिल हो रहे हैं।

# मंत्री श्री टेटवाल सार्वजनिक बस से यात्रा कर अपने कार्य क्षेत्र पर पहुँचे

भोपाल (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'राष्ट्र प्रथम' के आह्वान और ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने के संदेश से प्रेरित होकर कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने गुरुवार को सारंगपुर से पचोर तक सार्वजनिक परिवहन बस सेवा से यात्रा कर अपने कार्य क्षेत्र पर पहुँचे। मंत्री श्री टेटवाल ने कारकेड और औपचारिक प्रोटोकॉल से अलग आम नागरिकों के बीच बस में यात्रा कर पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रहित का संदेश दिया। मंत्री श्री टेटवाल ने विगत दिनों पचोर में पेट्रोल पंप पर हुई दुःखद घटना में प्रभावित परिवारों से भेंट की। उन्होंने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना। मंत्री श्री टेटवाल ने परिवारों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मंत्री श्री टेटवाल ने पचोर नगर में नागरिकों से जनसंपर्क कर विभिन्न स्थानीय समस्याओं एवं विकास कार्यों से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिये। मंत्री श्री टेटवाल ने पचोर से सारंगपुर तक बस से यात्रा की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन अपनाना केवल यात्रा का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रहित से जुड़ा एक जिम्मेदार प्रयास है। इससे ईंधन की बचत, प्रदूषण में कमी और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत इटारसी स्टेशन का तेजी से हो रहा कायाकल्प



भोपाल (निप्र)। भारतीय रेल द्वारा देशभर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से विकसित किए जाने हेतु संचालित अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल सबसे महत्वपूर्ण एवं व्यस्ततम जंक्शन स्टेशन इटारसी का व्यापक पुनर्विकास कार्य तेजी से प्रगति पर है। लगभग 49.84 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं आधुनिक आधारभूत संरचना विकसित करने के कार्य किए जा रहे हैं। इटारसी स्टेशन का पुनर्विकास कार्य इस वित्तीय वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत इटारसी स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया के विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफॉर्म क्रमांक 4/5 एवं 6/7 पर कवर ओवर शेड की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म क्रमांक 6 एवं 7 की सतह में सुधार कार्य भी प्रगति पर है। स्टेशन भवन के आंतरिक भाग, प्रतीक्षालय एवं टिकट खिड़की क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं के अनुरूप उन्नयन कार्य किए जा रहे हैं। यात्रियों की सुविधा हेतु स्टेशन के शौचालयों का भी सुधार एवं आधुनिकीकरण किया जा रहा है। स्टेशन परिसर में दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं का विस्तार करते हुए रैंप, दिव्यांग संकेतक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। यात्रियों की आवाजाही को अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से इटारसी स्टेशन पर 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्टेशन पर कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, वीडियो वॉल, क्लॉक बोर्ड, जीपीएस आधारित सीसीटीवी कैमरे तथा पीए सिस्टम जैसी आधुनिक यात्री सूचना सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। स्टेशन पर फर्नीचर एवं यात्री उपयोग की अन्य सुविधाओं का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि विभिन्न विकास कार्य चरणबद्ध तरीके से प्रगति पर हैं। भविष्य में एस्केलेटर एवं लिफ्ट जैसी सुविधाओं के विस्तार की भी योजना है, जिससे यात्रियों को और अधिक सुविधा प्राप्त होगी।

## मासूम अयांश को मिली नई जिंदगी की उम्मीद

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार गंभीर बीमारियों से पीड़ितों को पीएमश्री एम्बुलेंस योजना से तत्परतापूर्वक उन्नत स्वास्थ्य संस्थानों में भेजकर नवजीवन प्रदान किया जा रहा है। बालाघाट जिले के चार माह के मासूम अयांश मसराम पीएमश्री एयर एम्बुलेंस योजना से नई जिंदगी की उम्मीद मिली है। कटंगी विकासखंड के ग्राम देवरी बुजुर्ग निवासी अयांश को बालाघाट में आयोजित विशेष शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा तत्काल सर्जरी की आवश्यकता बताए जाने पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई कर एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की। गंभीर हृदय रोग से पीड़ित अयांश का उपचार एवं आवश्यक सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क होगी। मासूम अयांश को गुरुवार सुबह जिला चिकित्सालय बालाघाट से एम्बुलेंस द्वारा महाराष्ट्र के गोंदिया जिले स्थित बिरसी एयरपोर्ट पहुंचाया गया।

# भोपाल में रिटायर्ड जज की बहू की मौत पर बवाल, मायके पक्ष ने पति पर लगाए गंभीर आरोप, थाने में किया प्रदर्शन



भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में रिटायर्ड महिला जज की बहू ट्विशा शर्मा की आत्महत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। गुरुवार को मृतका के परिजन महिला थाने पहुंचे और पुलिस कार्रवाई को लेकर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रभावशाली परिवार होने के कारण आरोपी पक्ष के खिलाफ कार्रवाई में देरी की जा रही है। मृतका के मायके पक्ष ने पति समर्थ शर्मा पर मानसिक प्रताड़ना, हत्या और सबूत मिटाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस ने बयान दर्ज करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। मामले को लेकर थाने में काफी देर तक तनाव की स्थिति बनी रही। ट्विशा के परिजनों ने कटारा हिल्स पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि बुधवार देर रात वे न्याय की मांग लेकर थाने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने उनसे बातचीत तक नहीं की। परिजनों के मुताबिक वे रात करीब 12 बजे तक थाने के बाहर खड़े रहे, जबकि थाना परिसर का गेट बंद कर दिया गया था। परिवार का आरोप है कि उनकी बेटी की मौत के बाद भी उसे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। ट्विशा को ड्रग एडिक्ट बताए जाने से परिवार बेहद आहत है। मृतका की बहन प्रियंका शर्मा ने आरोप लगाया कि अस्पताल में मौत की पुष्टि होने के बाद पति समर्थ शर्मा और उसकी मां करीब एक घंटे तक गायब रहे। इसके बाद वे घर पहुंचे, जहां सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका जताई जा रही है।

# भोपाल मंडल के स्टेशनों पर बढ़ीं आधुनिक यात्री सुविधाएं, सफर होगा और आसान



भोपाल (निप्र)। पश्चिम मध्य रेल का भोपाल मंडल यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में निरंतर कार्य कर रहा है। मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधा संबंधी अनेक आधुनिक व्यवस्थाएं विकसित की गई हैं, जिससे यात्रियों को अधिक सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्राप्त हो रहा है। भोपाल स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा हेतु पेड रिटायरिंग सेवा एवं एग्जीक्यूटिव लाउंज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे यात्रियों को आरामदायक ठहराव एवं बेहतर प्रतीक्षालय सुविधा प्राप्त हो रही है। यात्रियों को ट्रेनों की सही स्थिति एवं कोच की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंडल के 16 स्टेशनों पर कोच गाइडेंस सिस्टम स्थापित किए गए हैं। इनमें हरदा, इटारसी, नर्मदापुरम, भोपाल, रानी कमलापति, संत हिरदाराम नगर, निशातपुरा, सांची, विदिशा, गंजबासौदा, मंडीबामोरा, बीना, अशोकनगर, गुना, रुठियाई एवं शिवपुरी स्टेशन शामिल हैं। इसी प्रकार मंडल के 20 स्टेशनों पर ट्रेन सूचना डिस्प्ले बोर्ड की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यह सुविधा हरदा, इटारसी, नर्मदापुरम, भोपाल, रानी कमलापति, संत हिरदाराम नगर, निशातपुरा, सांची, विदिशा, गंजबासौदा, मंडीबामोरा, बीना, मुंगावली, अशोकनगर, गुना, शिवपुरी, रुठियाई, ब्यावरा-राजगढ़, पचोर रोड एवं शाजापुर स्टेशनों पर उपलब्ध है।यात्रियों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए मंडल के 6 प्रमुख स्टेशनों — इटारसी, भोपाल, नर्मदापुरम, रानी कमलापति, विदिशा एवं बीना स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त भोपाल, रानी कमलापति, सांची, विदिशा, बीना, अशोकनगर, गुना एवं इटारसी स्टेशन पर रिटायरिंग रूम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे यात्रियों को यात्रा के दौरान ठहरने में सुविधा मिल रही है।

# डीजीपी कैलाश मकवाणा के मुख्य आतिथ्य में विशेष सशस्त्र बल के नव आरक्षकों का दीक्षांत समारोह आयोजित



भोपाल (ए.)। 25वीं वाहिनी, विशेष सशस्त्र बल, भोपाल में गुरूवार को नव आरक्षकों के दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने बतौर मुख्य अतिथि परेड की सलामी ली एवं निरीक्षण किया। समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस का गौरवशाली इतिहास रहा है तथा आरक्षक पुलिस संगठन की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति होते हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 11 माह के कठिन प्रशिक्षण, अनुशासन एवं समर्पण के बाद तैयार हुए ये नव आरक्षक पुलिस विभाग की कार्यक्षमता को और अधिक सशक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अवधि जीवन का सबसे महत्वपूर्ण चरण होती है, जहां टीम भावना, अनुशासन, शारीरिक दक्षता एवं व्यवहारिक पुलिसिंग की सीख जीवनभर साथ रहती है।

# श्रीधाम एक्सप्रेस 30 मई से एलएचबी रैक के साथ चलेगी

भोपाल (निप्र)। भारतीय रेलवे यात्रियों को बेहतर सुरक्षा, अधिक आरामदायक यात्रा एवं उन्नत परिचालन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में यात्री सुविधाओं के विस्तार हेतु अधिक से अधिक रेलगाड़ियों में आधुनिक लिंक हॉफमैन बुश (एलएचबी) कोच लगाए जा रहे हैं। पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल से गुजरने वाली जबलपुर-निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस के रेक को रेल प्रशासन द्वारा आईसीएफ से एलएचबी रैक में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है। एलएचबी रैक से संचालित ट्रेन की जानकारी इस प्रकार है -

प्रारंभिक तिथि से एलएचबी कोच में परिवर्तित :-

1) गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से दिनाँक 30 मई 2026 से एलएचबी रैक से चलेगी।

2) गाड़ी संख्या 12191 निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन निजामुद्दीन से दिनाँक 31 मई 2026 से एलएचबी रैक से चलेगी।



**यात्रियों को मिलेगी 1128 बर्थ की सुविधा**

परिवर्तित कोच कंपोजीशन :- इस ट्रेन में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय, 05 वातानुकूलित तृतीय, 01 वातानुकूलित तृतीय इकॉनमी, 07 स्लीपर, 04 सामान्य श्रेणी, 1 एसएलआरडी एवं 1 जनरेटर कार सहित कुल 22 एलएचबी कोच रहेंगे। एलएचबी कोच लगने से ट्रेन में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 24 बर्थ, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 104 बर्थ, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 360 बर्थ, वातानुकूलित तृतीय इकॉनमी श्रेणी में 80 बर्थ, स्लीपर में 560 बर्थ सहित आरक्षित कुल 1128 बर्थ उपलब्ध होगी। एलएचबी कोच पारंपरिक आईसीएफ कोचों की तुलना में अधिक सुरक्षित, आरामदायक एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त होते हैं। उच्च गति पर संचालन क्षमता, हल्के वजन एवं उन्नत डिज़ाइन के कारण ये कोच यात्रियों को अधिक सहज, सुरक्षित और सुखद यात्रा अनुभव प्रदान करते हैं।

## एसडीएम टी.टी. नगर कार्यालय की पहल से दो जरूरतमंदों को मिला आधार, लौटीं मुस्कानें

भोपाल (निप्र) । कभी-कभी एक आवश्यक दस्तावेज़ का अभाव व्यक्ति के जीवन में बड़ी कठिनाइयाँ उत्पन्न कर देता है। ऐसे ही दो मामले हाल ही में एसडीएम कार्यालय टी.टी. नगर पहुँचे, जहाँ समय पर मिले प्रशासनिक सहयोग और उचित मार्गदर्शन से दोनों हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान संभव हो सका। पहला मामला एक महिला का था, जो लंबे समय से आधार कार्ड उपलब्ध न होने के कारण विभिन्न समस्याओं का सामना कर रही थीं। कोविड काल के बाद उनके आवश्यक दस्तावेज़ ससुराल में रह गए थे तथा बीमारी के कारण उन्हें यह जानकारी भी नहीं थी कि उनका आधार कार्ड वर्षों पूर्व महाराष्ट्र में बनाया गया था।

## *सहकारिता मंत्री श्री सारंग ने चांदबड़ में किया "संपर्क अभियान 2026" का शुभारंभ*

*भोपाल (निप्र)। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने संपर्क अभियान 2026 के तहत चांदबड़ में आयोजित विद्यु शिकायत निवारण शिविर का शुभारंभ किया और श्रीमती राजकुमारी कुशवाहा को नये कनेक्शन के लिए प्रमाण पत्र वितरित किया। चांदबड़ शिविर में श्रीमती रीना बाई और श्रीमती अनीता को नवीन विद्युत कनेक्शन, नवीन को अस्थायी नवीन कनेक्शन, गुलाबसिंह को मौके पर ही नो ड्यूज प्रमाण पत्र तथा बंशीराम साहू के विद्युत कनेक्शन के नाम परिवर्तन संबंधी आवेदन को भी त्वरित निराकरण की सेवाएं मिलीं। सुश्री राजकुमारी कुशवाहा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के चांदबड़ जोन के द्वारका नगर में रहती हैं। उन्हें बिजली कंपनी के चांदबड़ में 14 मई को आयोजित शिविर में 4 घंटे के भीतर नया कनेक्शन मिल गया और उनका घर रोशन हो गया। घर रोशन होने से उनका परिवार बिजली कंपनी की सेवाओं की सराहना कर रहा है। सुश्री राजकुमारी कुशवाहा को मिली यह त्वरित राहत न केवल कंपनी की कार्यकुशलता को दर्शाती है, बल्कि इस अभियान की सफलता की एक सकारात्मक शुरुआत है। दरअसल मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 14 मई से एक नई पहल शुरू की है, इसके अंतर्गत समूचे कंपनी कार्यक्षेत्र में 374 संपर्क अभियान शिविर लगाये गये और भोपाल शहर में 27 शिविर लगाये गये। संपर्क अभियान शुभारंभ दिवस 14 मई को भोपाल शहर वृत्त अंतर्गत कुल 3 हजार 929 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 3 हजार 748 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया। शेष 181 शिकायतों का शीघ्र ही निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।*

# नौतपा से पहले ही अनूपपुर में बढ़ी गर्मी, पारा 40 डिग्री पार; हीट वेव अलर्ट जारी



अनूपपुर, (ए.)। मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में नौतपा शुरू होने से पहले ही भीषण गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में लू चलने की संभावना जताते हुए हीट वेव अलर्ट जारी किया है।सुबह 10 बजे के बाद ही धूप तेज हो जाती है और दोपहर तक सड़कें सूनी नजर आने लगती हैं। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक लोग घरों में रहने को मजबूर हैं।

भीषण गर्मी के कारण शहर में अघोषित कर्फ्यू जैसे हालात दिखाई दे रहे हैं।गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। जिला अस्पताल और निजी क्लीनिकों में उल्टी-दस्त, तेज बुखार और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या में करीब 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है।जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. एस. आर. परस्ते ने बताया कि यह मौसम बच्चों और बुजुर्गों के लिए अधिक संवेदनशील है। उन्होंने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। तेज गर्मी के चलते शहर में बिजली और पानी की खपत में भी करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। कई इलाकों में दोपहर के समय लो-वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या से लोग परेशान हैं। वहीं गन्ने का रस, लस्सी और मटके के पानी जैसे ठंडे पेय पदार्थों की मांग भी बढ़ गई है।प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि अत्यधिक गर्मी के दौरान अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और खुद को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी व अन्य तरल पदार्थों का सेवन करते रहें।

## शहडोलः मकान में घुसकर हाथी ने किसान को कुचला, मौत

शहडोल,(ए.)। मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के अमलाई थाना क्षेत्र में बुधवार -गुरूवार की रात केशवाही वन परिक्षेत्र के गिरवा गांव में जंगली हाथी ने हाथी खेत में बने एक मकान में घुस कर किसान पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मृतक किसान की पहचान कुदरा टोला गिरवा निवासी छोटे लाल सिंह (50) के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, किसान परिवार के साथ खेत में बने घर में रुके हुए थे। देर रात हाथी गांव की ओर पहुंचा। हाथी की आहट सुनकर परिवार के अन्य सदस्य घबराकर बाहर भाग गए, लेकिन किसान समय रहते बाहर नहीं निकल पाए। इसी दौरान हाथी ने उन्हें कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हमले में एक मवेशी की भी जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और अमलाई पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों में घटना के बाद दहशत का माहौल है। वन विभाग के अनुसार, यह हाथी पिछले कई दिनों से अनूपपुर और शहडोल जिले की सीमा पर विचरण कर रहा था। विभाग ने आसपास के गांवों में मुनादी कराकर लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी भी दी थी। इसके बावजूद हाथी आबादी वाले इलाके में घुस गया।



## दूल्हा अस्पताल में तंबाकू खाते पकड़ा गया, तो टीम ने काट दिया चालान; चर्चा में आया यह मामला

गुना (ए.)। गुना जिला अस्पताल को तंबाकू मुक्त व साफ-सुथरा बनाने की मुहिम में बुधवार को अनोखा नजारा दिखा। सज-धज कर शादी की रस्म निभाने निकले दूल्हे को शायद अंदाजा नहीं था कि तंबाकू की लत उसे अस्पताल परिसर में ही जुर्माने तक पहुंचा देगी। जिले में चल रहे तंबाकू मुक्ति अभियान के तहत जांच टीम ने दूल्हे को रंगे हाथों तंबाकू चबाते पकड़ लिया।

**मामला दिनभर चर्चा में रहा**

शादी की चमक-धमक, माथे पर सेहरा व रिश्तेदारों की भीड़, लेकिन नियम तोड़ने पर अस्पताल प्रशासन ने कोई लिहाज नहीं किया। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी विनीता सोनी के नेतृत्व में टीम वार्डों में सघन चेकिंग कर रही थी, तभी दूल्हा तंबाकू का सेवन करता मिला। टीम ने तत्काल चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला। अस्पताल में मौजूद मरीजों और परिजनों के बीच यह मामला दिनभर चर्चा में रहा।

**सभी से कुल 2350 रुपये का जुर्माना वसूला गया**

अभियान के दौरान सिर्फ दूल्हा ही नहीं, एक ऐसा जोड़ा भी सामने आया जहां पति-पत्नी दोनों तंबाकू का सेवन करते मिले। टीम ने साफ संदेश दिया कि अस्पताल परिसर में गंदगी और नशा किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। बुधवार की कार्रवाई में कुल 21 लोगों को तंबाकू सेवन और परिसर में गंदगी फैलाने का दोषी पाया गया। सभी से कुल 2350 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

**नियमित काउंसलिंग की जा रही**

प्रशासन का मकसद सिर्फ चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों को लत से बाहर निकालना भी है। कार्रवाई के दौरान पकड़े गए सभी व्यक्तियों को जिला अस्पताल के कक्ष क्रमांक 26 में संचालित टीसीसी सेंटर यानी तंबाकू व्यसन मुक्ति केंद्र रेफर किया गया। यहां विशेषज्ञ काउंसलर उन्हें नशा छोड़ने की सलाह, परामर्श और जरूरी उपचार मुहैया करा रहे हैं। जो लोग तंबाकू छोड़ने की इच्छा जता रहे हैं, उनकी नियमित काउंसलिंग की जा रही है।

सीएमएचओ डॉ. ऋषिवर ने कहा कि जिला अस्पताल मरीजों के उपचार का पवित्र स्थान है। यहां तंबाकू, गुटखा, बीड़ी-सिगरेट का सेवन न सिर्फ कानूनन अपराध है, बल्कि दूसरे मरीजों की सेहत के लिए भी खतरनाक है। थूकने से संक्रमण फैलता है और परिसर की स्वच्छता भी खराब होती है। इसलिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

**नियम तोड़ने वालों पर सख्ती**

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि परिसर में जगह-जगह 'तंबाकू निषेध' के बोर्ड लगाए गए हैं और लाउडस्पीकर से भी लगातार अनाउंसमेंट किया जा रहा है। इसके बाद भी नियम तोड़ने वालों पर सख्ती जरूरी है। नोडल अधिकारी विनीता सोनी ने अपील की कि लोग खुद अपनी सेहत और दूसरों की सुविधा का ध्यान रखते हुए अस्पताल को नशामुक्त बनाने में सहयोग करें।

## इंटरनेशनल किन्नर अखाड़े में घमासान, मां काली नंद गिरि ने गुरु से तोड़ा रिश्ता, महामंडलेश्वर पद छीना



उज्जैन (ए.)। इंटरनेशनल किन्नर अखाड़े में महामंडलेश्वर पद को लेकर विवाद सामने आया है। तेलंगाना की मां काली नंद गिरि ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपनी गुरु और अखाड़े की प्रमुख मां सतीनंद गिरि से रिश्ता तोड़ने का ऐलान किया है। इसके जवाब में मां सतीनंद गिरि ने भी वीडियो जारी कर कहा कि मां काली नंद गिरी ने गुरु-शिष्य परंपरा और अखाड़े के नियमों का उल्लंघन किया है, इसलिए उन्हें महामंडलेश्वर पद और अखाड़े की सदस्यता से बर्खास्त कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार मार्च 2026 में उज्जैन में इंटरनेशनल किन्नर अखाड़े की दो दिवसीय बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में देशभर से अखाड़े के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए थे। बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ कुछ लोगों को महामंडलेश्वर की उपाधि भी दी गई थी। इनमें तेलंगाना की मां काली नंद गिरि का नाम भी शामिल था।

# प्रधानमंत्री मोदी की अपील के बाद सराफा बाजार में सुस्ती, व्यापारियों में बढ़ी चिंता




उज्जैन (ए.)। सोने और चांदी की खरीद को लेकर केंद्र सरकार के हालिया फैसलों के बाद सराफा बाजार में हलचल तेज हो गई है। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सीमित मात्रा में सोना खरीदने की अपील, वहीं दूसरी ओर सोने-चांदी पर इंपोर्ट ड्यूटी 6 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किए जाने के फैसले ने कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है। व्यापारियों का कहना है कि इसका सीधा असर बाजार, रोजगार और लाखों परिवारों की आजीविका पर पड़ेगा।

सराफा व्यापारी सुनील जैन ने कहा कि वे प्रधानमंत्री की अपील से सहमत हैं। उनका कहना है कि भारत में हर साल बड़ी मात्रा में सोना आयात होता है और इसके लिए डॉलर में भुगतान करना पड़ता है। डॉलर की बढ़ती कीमतों का असर अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। उन्होंने ग्राहकों से अपील की कि शादी-ब्याह जैसी जरूरतों तक ही सोना खरीदें और अनावश्यक खरीदारी से बचें।

व्यापारी सिद्धार्थ जैन और लव सोनी ने भी प्रधानमंत्री की अपील को राष्ट्रहित में सही कदम बताया। उनका कहना है कि रुपये की गिरती कीमत को देखते हुए यह फैसला देशहित में जरूरी हो सकता है। हालांकि उन्होंने माना कि इससे सराफा कारोबार और कारीगरों पर असर पड़ेगा, फिर भी राष्ट्रहित सर्वोपरि है। सराफा व्यापारी अशोक गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्थायी रूप से सोना खरीदने से मना नहीं किया है, बल्कि फिलहाल संयम बरतने की बात कही है। उन्होंने कहा कि शादी-ब्याह के लिए लोग खरीदारी करते रहेंगे लेकिन निवेश के उद्देश्य से ज्यादा सोना खरीदने वालों की संख्या अधिक है, जिससे बाजार में तेजी आती है।

प्रधानमंत्री की अपील और बढ़ती कीमतों के बीच अब सराफा बाजार में सुस्ती के संकेत दिखाई देने लगे हैं। कारोबारियों का कहना है कि सोना-चांदी की दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही कम हो रही है और लोग खरीदारी टालने लगे हैं। व्यापारी संतोष भामा ने कहा कि पहले ही सोने की लगातार बढ़ती कीमतों ने ग्राहकों की जेब पर असर डाला था, अब प्रधानमंत्री की अपील के बाद बाजार और धीमा पड़ने लगा है। उन्होंने कहा कि इस कारोबार से जुड़े छोटे दुकानदारों और कारीगरों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है।

वहीं व्यापारी जयेश सोनी और प्रदीप चौहान का कहना है कि यदि खरीदारी में गिरावट जारी रही तो सबसे ज्यादा असर छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री की अपील का असर लोगों की खरीदारी की मानसिकता पर साफ दिखाई देने लगा है और बाजार में पहले जैसी रौनक नहीं रही।

# शादी का झांसा, अश्लील वीडियो और ब्लैकमेल, उमरिया में युवती से दुष्कर्म का मामला दर्ज




उमरिया (ए.)। उमरिया में एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बीएनएस और आईटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

उमरिया जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।



पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 तथा आईटी एक्ट की धारा 66(श्व), 67 और 67(८) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना सामने आने के बाद इलाके में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान मोंटू पिता मुकेश चौधरी (26) निवासी गंज बसौदा जिला विदिशा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी की पहचान कुछ समय पहले पीड़िता से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और फिर दोनों रिलेशनशिप में आ गए। मोबाइल फोन पर लगातार बातचीत और मुलाकातों का सिलसिला चलता रहा।

आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने युवती को शादी का भरोसा दिया और भरोसे का फायदा उठाकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं, आरोपी ने युवती के निजी और अश्लील वीडियो भी बना लिए। बाद में उन्हीं वीडियो के जरिए युवती को ब्लैकमेल किया जाने लगा। पीड़िता ने जब विरोध किया तो आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। बताया जा रहा है कि आरोपी ने मानसिक दबाव बनाकर युवती को लगातार प्रताड़ित किया।

मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आई और गंभीर धाराओं में मामला कायम कर लिया गया।

कोतवाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों के बीच पहले दोस्ती हुई थी। बाद में आरोपी ने शादी का झांसा देकर संबंध बनाए और अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर युवती को ब्लैकमेल करने लगा।

पीड़िता की शिकायत के आधार पर अपराध दर्ज कर लिया गया है और मामले की विवेचना जारी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश लगातार की जा रही है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है। साइबर एंगल से भी मामले की जांच की जा रही है।

## व्यापार समाचार

# सोने-चांदी की कीमतों में नरमी

नई दिल्ली (ए.)। घरेलू बाजार में गुरुवार को सोने-चांदी की कीमतों में कमजोरी आई। दोनो के ही वायदा भाव नीचे आये हैं। सुबह सोने के वायदा भाव 1,61,850 रुपये, जबकि चांदी के भाव 2,97,450 रुपये पर बने हुए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध 298 रुपये की गिरावट के साथ ही 1,61,888 रुपये के भाव पर खुला। वहीं इसका पिछला बंद भाव 1,62,186 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 325 रुपये नीचे आकर 1,61,861 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये



1,62,308 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 1,61,027 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव इस साल 1,80,779 रुपये के भाव पर शीर्ष स्तर हासिल किया।

चांदी के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क अनुबंध 1,955 रुपये की गिरावट के साथ ही 2,98,373 रुपये पर खुला। वहीं इसका पिछला बंद भाव 3,00,238 रुपये था। ये 2,98,373 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 2,96,879 रुपये के भाव पर निचले स्तर पर पहुंचा। चांदी के वायदा भाव इस साल 4,20,048 रुपये किलो के सबसे अधिक स्तर पर पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव में नरमी रही। कॉमेक्स पर सोना 4,696.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 4,706.70 डॉलर प्रति औंस था। सोने के भाव इस साल 5,586.20 डॉलर के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे। लिया। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 88.12 डॉलर के भाव पर खुले।



## शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 789, निफ्टी 277 अंक उछला

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 789.74 अंक बढ़कर 75398.72 के स्तर पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 277 अंक उछलकर 23689.60 के स्तर पर बंद हुआ।

आज लगातार दूसरे दिन बाजार में तेजी रही। कारोबार के दौरान दूरसंचार, फार्मा और निजी बैंकिंग शेयरों में में उछाल आया । सेंसेक्स शेयरों में, भारती एयरटेल सबसे बड़ा लाभ कमाने वाला शेयर रहा, जिसके शेयरों में 5 फीसदी से अधिक की तेजी आई। वहीं एटरनल के शेयरों में 3.32 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एचडीएफसी बैंक के शेयरों में 2.67 फीसदी की बढ़त हुई, जिससे सेंसेक्स में सबसे अधिक लाभ इन्हीं शेयरों के कारण हुआ। . अदानी पोर्ट्स, सन फार्मास्युटिकल्स, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर भी उछले। दूसरी ओर इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी इंडिया के शेयर नीचे आये।

इससे पहले आज सुबह घरेलू शेयर बाजार तेजी के साथ खुले। सुबह बाजार खुलते ही बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 400 अंक से ज्यादा ऊपर आया जबकि निफ्टी 23,500 के स्तर से ऊपर पहुंच गया। सुबह सेंसेक्स 338 अंक बढ़कर 74,947.12 पर कारोबार कर रहा था जबकि निफ्टी 118 अंक उछलकर 23,530 पर पहुंच गया।



## रुपया बढ़त पर बंद

मुम्बई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आज भारतीय रुपय तीन पैसे की बढ़त के साथ ही 95.72 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोरी के साथ खुला और अपने ऑल-टाइम लो (सर्वकालिक निचले स्तर) पर पहुंच गया। रुपया सुबह डॉलर के मुकाबले 20 पैसे टूटकर 95.86 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर खुला। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया 95.74 पर खुला और बाद में और गिरकर 95.86 के स्तर तक आ गया। वहीं बुधवार को रुपया 95.75 पर बंदु हुआ था।

मजबूत अमेरिकी डॉलर और ऊंची ऊर्जा कीमतों के कारण बढ़ती मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई।

## आरबीआई दे सकता है रिकॉर्ड डिविडेंड

**-मिडिल ईस्ट संकट के बीच सरकार को बड़ी राहत की उम्मीद**

**-केंद्र को इस बार पिछले साल से भी अधिक सरप्लस मिलने की संभावना**

**-सरकारी बैंकों के रिकॉर्ड मुनाफे से बढ़ी उम्मीदें**




नई दिल्ली,(ए.)। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया इस वर्ष केंद्र सरकार को अब तक का सबसे बड़ा डिविडेंड देने की तैयारी में है। मिडिल ईस्ट संकट और वैश्विक तेल बाजार में बढ़ती अनिश्चितता के बीच यह रकम सरकार के लिए बड़ा वित्तीय सहारा साबित हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, आरबीआई बोर्ड की इस महीने होने वाली बैठक में सरकार को दिए जाने वाले डिविडेंड और सरप्लस ट्रांसफर की अंतिम राशि पर फैसला लिया जाएगा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को 2.69 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड डिविडेंड दिया था, जो उससे पिछले वर्ष के 2.11 लाख करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 27 प्रतिशत अधिक था। अब संभावना जताई जा रही है कि इस बार यह आंकड़ा और बड़ा हो सकता है।

आरबीआई द्वारा सरकार को दिया जाने वाला सरप्लस "इकोनॉमिक कैपिटल फ्रेमवर्क" के तहत तय किया जाता है। इस व्यवस्था के अनुसार रिजर्व बैंक को अपनी बैलेंस शीट में कंटीजेंट रिस्क बफर (सीआरबी) को 4.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत के बीच बनाए रखना होता है। इसी आधार पर यह निर्धारित किया जाता है कि बैंक सरकार को कितनी अतिरिक्त राशि ट्रांसफर कर सकता है। केंद्र सरकार के बजट दस्तावेजों के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में सरकार को आरबीआई, सरकारी बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों से कुल 3.16 लाख करोड़ रुपये डिविडेंड और सरप्लस के रूप में मिलने की उम्मीद है। यह चालू वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 3.75 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, जानकारों का मानना है कि वास्तविक राशि बजट अनुमान से ज्यादा हो सकती है।

इस उम्मीद की बड़ी वजह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का मजबूत प्रदर्शन है। सरकारी बैंकों ने वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड मुनाफा दर्ज किया है। बेहतर एसेट क्वालिटी, कर्ज वितरण में तेजी और बढ़ती आय के चलते इन बैंकों का कुल ऑपरेटिंग प्रॉफिट 3.21 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जबकि नेट प्रॉफिट 11.1 प्रतिशत बढ़कर 1.98 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह लगातार चौथा वर्ष है जब सरकारी बैंकों ने सामूहिक रूप से लाभ दर्ज किया है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## श्रमिकों की सौदेबाजी की क्षमता गिरी

पीएलएफएस के मुताबिक श्रमिकों को कोरोना काल के पहले एक हफ्ते में जितने घंटे मिलते थे, आज उससे कम मिल रहे हैं। ऐसे में श्रमिकों की सौदेबाजी की क्षमता गिरी है और कार्य-स्थितियां बिगड़ी हैं। नतीजा बढ़ती श्रमिक अशांति है।भारत में 2025 में श्रमिकों के लिए कम कामकाजी घंटे उपलब्ध हुए। यह तथ्य ताजा आवधिक श्रम शक्ति सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से सामने आया है। इस हाल के निहितार्थ दूरगामी हैं। बारीक नजर डालें, तो मालूम पड़ेगा कि विभिन्न हिस्सों में इस समय दिख रही श्रमिक अशांति से लेकर एफएमसीजी (यानी तेल-साबुन जैसी रोजमर्रा उपयोग की वस्तुएं बनाने वाली) कंपनियों पर बढ़ते दबाव के पीछे इसकी भूमिका है। एक खबर के मुताबिक इक्विटी निवेशक भारत की एफएमसीजी कंपनियों से मुंह मोड़ रहे हैं। यानी उन्हें नहीं लगता कि इन कंपनियों की बिक्री और मुनाफे में स्वस्थ बढ़ोतरी होगी। इस बढ़ोतरी का संबंध आम जन की आमदनी और उपभोग से है, जबकि आमदनी बढ़ने की गुंजाइशें सिकुड़ रही हैं। पीएलएफएस के मुताबिक श्रमिकों को कोरोना काल के पहले एक हफ्ते में जितने घंटे मिलते थे, आज उससे कम मिल रहे हैं। भारत की श्रम शक्ति में 56 फीसदी हिस्सा स्वरोजगार कर्मियों का है। जनवरी-दिसबंर 2025 की अवधि में ऐसे कर्मियों को उपलब्ध काम के घंटों में सबसे बड़ी गिरावट आई। जुलाई 2018 से जून 2019 के बीच ऐसे कर्मियों को हफ्ते में औसतन 46.6 घंटे का काम मिल जाता था। मगर पिछले वर्ष ये औसत 39.6 घंटे प्रतिशत रहा। दिहाड़ी और वेतनभोगी कर्मियों के कामकाजी घंटे क्रमश: 43.1 और 50.2 से घटकर 41.2 और 48.8 घंटे रह गए। स्पष्टत: इन सबकी औसत आमदनी घटी। नई परिभाषा के तहत घरेलू कार्य में मददगार परिजनों को भी कामकाजी माना जाता है।गांवों में ज्यादातर महिलाएं इस दायरे में आती हैं। उनके कामकाजी घंटे 2018-19 के 38.2 घंटों की तुलना में पिछले साल 32.6 घंटे रह गए। नतीजतन, शहरों की तरफ पलायन के रूप में हुआ है, जबकि वहां भी अवसर घटे हैं। ऐसे में श्रमिकों की सौदेबाजी की क्षमता गिरी है। अत: कंपनियों में उनसे न्यूनतम वेतन पर 12 घंटों तक काम लिया जा रहा है। इसके बावजूद जब रोजमर्रा की जरूरतें पूरी नहीं होतीं, तो नोएडा जैसे हालात बनते हैं। इस कारण मांग और उपभोग भी गिरता है, तो कंपनियों का मुनाफा प्रभावित होता है। भारत में ये दुश्चक्र गंभीर होता जा रहा है।

# तमिलनाडु : थलपति विजय की क्वांटम लीप

**डॉ. सुधीर सक्सेना**



क्वांटम लीप वैज्ञानिक शब्दावली का टर्म है, लेकिन यदि भारतवर्ष की बीती अर्द्धशती की राजनीति का सिंहावलोकन करें तो इस टर्म को दक्षिण भारत की राजनीति के सन्दर्भ में बाखूबी प्रयुक्त किया जा सकता है। दक्षिण भारत के मतदाताओं में सिने-कलाकारों के प्रति गजब का क्रेज है और वहां लंबी नीहारिका है, जिसने राजनीति में चमकीली सफलता अर्जित की। एनटी रामाराव, एमजी रामचंद्रन, जयललिता, करूणानिधि और पवन कल्याण की फेहरिस्त में अब एक नया नाम आ जुड़ा है। यह नाम है विजय थलपति का, जो सिने-स्टारडम से लंबी छलांग लगाकर तमिलनाडु जैसे महत्वपूर्ण प्रांत के मुख्यमंत्री की कुर्सी तक जा पहुंचे हैं।

थलपति यानि कमांडर के नाम से विख्यात विजय का पूरा नाम है जोसेफ विजय चंद्रशेखर। अगले माह 22 जून को वह अपने जीवन के बावन वर्ष पूरे कर लेंगे। उनके पिता एसए चंद्रशेखर ईसाई हैं और मां शोभा हिन्दु। यह इसी पृष्ठभूमि का प्रभाव है कि वह मंदिर भी जाते हैं और चर्च भी, साथ ही उन्हें मस्जिद और दरगाह जाने में कोई संकोच नहीं होता। तमिल-सिनेमा से उनका नाता इस नाते पुराना है कि उनके पिता सिने निर्देशक रहे हैं और कांग्रेस के प्रति उनकी रूझान रही है। चेन्नै में जनमे विजय की पढ़ाई भी स्थानीय लोयोला कॉलेज में हुई और उन्होंने शुरूआती डेढ़ दो दशक तक अपना ध्यान पूरी तौर पर फिल्मों पर केंद्रित किया। इसके बाद वह सार्वजनिक जीवन की ओर मुड़े और फैन क्लबों के जरिये उन्होंने सधे हुये कदमों से वह यात्रा शुरू की, जिसकी परिणति चार मई, 26 को उनकी आशातीत राजनीतिक सफलता और उपलब्धि में हुई।

थलपति विजय आज तमिल सिनेमा की सफलतम और शीर्षस्थ कमाऊ सितारों की सूची में शुमार हैं। वह अब तक 69 फिल्मों में लीड-भूमिकाओं में आ चुके हैं और फिल्म में उनकी मौजूदगी टिकट खिड़की पर सफलता की गारंटी मानी जाती है। यदि उनके जीवन-वृत्त को खंगालें तो दिलचस्प तौर पर पिता के प्रोत्साहन और प्रेरणा पर उन्होंने अपना सिनेमाई सफर सन 1984 में तमिल फिल्म वेट्री में बाल कलाकार के तौर पर किया। पिता द्वारा निर्देशित कुछ फिल्मों में बाल भूमिकाएं निभाने के उपरांत 18 वर्ष की वय में 1992 में उन्हें नालैया थीर्पु में नायक की भूमिका निभाने का मौका मिला। तदंतर पूर्व उनक्कगा, लव टुडे, कडलुक्कू मरियाधई, थुल्लथ, मानामम थुल्लम, कुशी, प्रियम्मनावले और फ्रेंड्स आदि ने एक दशक में उन्हें तमिल सिने उद्योग में शिखर पर पहुंचा दिया। इसके बाद के ढाई दशक रूपहले पर्दे पर उनकी धूम की दहाई थी। वह तमिल सिने दर्शकों की पहली पसन्द बनकर उभरे। अंतत: सन 2024 में उन्होंने सिनेमा को सायोनारा कह दिया और राजनीति उनका पहला प्रेम बनकर उभरी। दिलचस्प बात है कि इसी साल आई उनकी फिल्म का टाईटिल था ग्रेटेस्ट आफ आल टाइम। मगर उनकी अंतिम फिल्म जन नायगान का रिलीज होना अभी शेष है।

फरवरी, सन 2024 में विजय ने अपनी नयी पार्टी लाँच की। द्रविड़ पार्टियों के वर्चस्व की अर्द्धशती के परिप्रेक्ष्य में यह एक साहसिक कदम था, लेकिन यह साहस उन्हें फला। नयी पार्टी का उन्होंने नाम रखा तमिलगा वेट्री कझगम। बताते हैं कि वह विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन के इच्छुक थे। इसके वास्ते उन्होंने राहुल गांधी से भेंट व चर्चा भी की थी, लेकिन द्रमुक से जारी गठबंधन और स्थानीय ईकाई के परामर्श से वह ऐसा करने से हिचक गये। फलत: कांग्रेस और टीवीके मेल सिरे नहीं चढ़ा।

यह सोचना भ्रामक होगा कि थलपति की सियासी सफलता दो वर्ष की सक्रियता का नतीजा है। इसके पीछे बिलाशक उनके फैन क्लबों की गतिविधियों का हाथ है। थलपति ने सन 2009 में अपने फैन क्लब विजय मक्काल इयक्कम की नींव डाली थी। समय के साथ ये फैन क्लब समूचे तमिलनाडु में ओरछोर फैल गये। इन क्लबों ने राहत कार्यों, शिक्षण, प्रशिक्षण और चैरिटी का काम हाथ में लिया। इसने उनकी सिनेमाई छवि में हातिमताई के रंगे भरे। आपदा पीड़ितों के लिये दरवाजे और थैलियां खोलने ने जननायक की संवदेनशील छवि अर्जित करने में मदद की। इसके बावजूद जब-तब उनकी सियासत में रूचि और रूझान सामने आती रही। सन 2011 के चुनाव में उन्होंने अन्नाद्रमुक-नीत गठबंधन को समर्थन दिया। सन 2019 में उन्होंने नागरिकता अधिनियम का यह कहकर विरोध किया कि इससे सामाजिक-धार्मिक सौमनस्यता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सन 2022 में उनके फैन क्लब के सदस्यों ने निकाय चुनावों में शिरकत की और 115 सीटों पर सफलता पाई। उनकी बढ़ती लोकप्रियता प्रमाण 27 सितंबर, 2025 को करूर में तब मिला, जब उनकी रैली में भगदड़ से 41 लोगों की जानें गयीं। इस पर उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त की और हताहतों के लिये धनराशि वितरित की।

थलपति विजय की खूबी है कि उन्होंने करीब 85000 फैन क्लबों की मजबूत चुनावी मशीनरी में बदल दिया है। ये क्लब उन्हें कार्यकर्ता, चुनावी भीड़ और समर्थक तो जुटाते ही हैं, उनकी नायक की छवि में निर्मित करते हैं। जब वह भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की बात करते हैं तो यह छवि उसमें सहायक होती है। उनकी यह इमेज़ दक्षिण भारतीय मतदाताओं की सितारों के प्रति नैसर्गिक चाहत को पोसती है। मान सकते हैं कि सन 2011 में जयललिता को समर्थन की परिणति ने उनके मन में सियासत में शिरकत का बिरवा रोपा था। बहरहाल, ताजा चुनाव में टीवीके की 108 सीटों पर कामयाबी से वह नया इतिहास रचने में सफल रहे हैं। उन्होंने स्वयं दो सीटों पेरांबूर और त्रिची ईस्ट से चुनाव लड़ा और विजयी रहे। यह भी तय है कि बहुमत से कुछ सीटों का फासला पूरने में वह सफल होंगे। तयशुदा है कि दोनों लेफ्ट पार्टियां भी उन्हें समर्थन देंगी। नतीजों के बाद वह राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा जता चुके हैं। कांग्रेस ने समर्थन के साथ यह शर्त जरूर नत्थी की है कि विजय सांप्रदायिक ताकतों से दूरी बरतेंगे, संवैधानिक मूल्यों का पान करेंगे, थंथाई पेरियार के सामाजिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता रखेगें और पेरूंथ लैवर कामराज के गौरवशाली दिनों की वापसी के लिये जतन करेंगे। जहां तक विजय के विचारों की बात है वह स्पष्ट कर चुके हैं कि द्रमुक उनकी राजनीतिक बैरी है और बीजेपी वैचारिक शत्रु।

## (विचार-मंथन) केरल के मुख्यमंत्री का चयन 10 दिन में

– सनत जैन

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद सबसे अधिक चर्चा जिस मुद्दे को लेकर हुई, वह केवल जीत-हार तक सीमित नहीं रही, बल्कि कांग्रेस संगठन की कार्यप्रणाली और नेतृत्व क्षमता भी बहस के केंद्र में आ गई। विशेष रूप से केरल में कांग्रेस नीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) को स्पष्ट बहुमत मिलने के बावजूद मुख्यमंत्री के चयन में दस दिन का समय लगना राजनीतिक हलकों में चर्चा और आलोचना का विषय बन गया। गौरतलब है कि 4 मई को चुनाव परिणाम घोषित किए गए थे और कांग्रेस के पास सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्या थी। बावजूद इसके पार्टी मुख्यमंत्री के नाम पर जल्दी निर्णय नहीं ले सकी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को विधायक दल के नेता के चयन का अधिकार पहले ही दे दिया गया था। उन्होंने विधायकों और वरिष्ठ नेताओं से चर्चा भी की, लेकिन आम सहमति नहीं बन सकी। अंतत: पार्टी को जयराम रमेश, मुकुल वासनिक, दीपा दासमुंसी और अजय माखन जैसे वरिष्ठ नेताओं को केरल भेजना पड़ा। दो दिन की मशक्कत के बाद वीडी सतीशन के नाम पर सहमति बनी और उनके मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हुआ। यह स्थिति उस पार्टी के लिए निश्चित रूप से चिंताजनक मानी जाएगी, जो कभी देश की सबसे मजबूत राजनीतिक शक्ति थी। केरल जैसे राज्य, जहां कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का सीधा राजनीतिक जुड़ाव रहा है, वहां भी नेतृत्व चयन को लेकर इतना लंबा गतिरोध कांग्रेस की आंतरिक स्थिति को उजागर करता है। विडंबना यह रही कि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और यूडीएफ के कई सहयोगी दल पहले ही वीडी सतीशन के समर्थन में खुलकर सामने आ चुके थे। सतीशन लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय रहे हैं और उन्हें जमीनी नेता माना जाता है।

# विधानसभा चुनावों के परिणाम से विपक्षी दलों पर धुंध छाई

**अजय दीक्षित**

पश्चिमी बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पांडिचेरी के विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर विपक्ष में भ्रम की स्थिति है क्योंकि कांग्रेस सहित अनेक विपक्षी दलों को लगता है कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव हारना काफी मुश्किल है। राजनीतिक विश्लेषकों आशुतोष, जयंत घोषाल, राजीव रंजन,का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद हुए विधानसभा चुनाव में हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र,बिहार, असम, उड़ीसा, और अब पश्चिमी बंगाल में जिस तरह भारतीय जनता पार्टी ने एक तरफा जीत हासिल की है उससे तो लगता है कि 2029 लोकसभा चुनाव का रास्ता उसके लिए साफ हो गया है क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र, पश्चिमी बंगाल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा,में भारतीय जनता पार्टी का प्रदर्शन 240 सीट पर आकर टिक गया था। लेकिन अब वह बात नहीं क्योंकि पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव जीतने बाद उसकी 42 लोकसभा सीट पर उसे अब आसानी होगी ।

आशुतोष कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी और अन्य पार्टियां में आइडियोलॉजी का फर्क है। भाजपा चुनाव इस लिए लड़ती है कि वह आरएसएस और अपनी एजेंडे को लागू कर सके चाहे वह अनुच्छेद 370 का मामला हो या राममंदिर का मसला, ।अब भाजपा के समक्ष बांग्लादेशी घुसपैठ, कॉमन सिविल कोड, जैसे बड़े मामले है । जिसमें एक सीट परिसीमन, महिला आरक्षण संबंधी विधेयक संसद से पारित कराने है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने अनुसार एक बृहद शिक्षा नीति बनाना चाहता है। दूसरी ओर विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है क्योंकि वे सरकार में सत्ता करने वाला खेल खेलते हैं। यद्यपि दक्षिण भारत में तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना में अलग अलग पार्टियों का शासन है लेकिन उनके पास भी हिंदी ब केंद्रीय सरकार का मुद्दा है क्योंकि वे चाहते हैं कि भारत लोकतांत्रिक देश में राज्यों की भूमिका अधिकतर तथ्यों में है। वे रक्षा, वित्त, दूरसंचार,विदेश मामलों तक केंद्रीय सरकार को जिम्मेदार बनाते हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय भूमिका की पक्षधर है।

राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस की सरकार आजादी के बाद लगभग साठ साल रही लेकिन उद्देश्य पूर्ण कार्य जवाहरलाल नेहरू, श्रीमति इंदिरा गांधी,ने किया बाद में नरसिंह राव सरकार ने भी उदारीकरण नीति बनाई जिससे देश का वित्तीय विकास हुआ , रोजगार का सृजन हुआ। लेकिन उसके बाद अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने भारतीय जनता पार्टी सरकार की नींव रखी थी जिसमें दक्षिण पंथी विचारों को अपनाया गया। लेकिन 2004से ,2014 तक मनमोहन सिंह सरकार ने उद्देश्य हीन ही सरकार चलाई जिसमें भ्रष्टाचार का बोलबाला था। राज्यों में जैसे पश्चिमी बंगाल में 37 साल लेफ्ट पार्टियों की सरकार रही थी उस कालखंड में कोलकाता, पूरे राज्य का ओद्योगिक ढांचा समाप्त हो गया था। टीएमसी ने 15 वर्ष उसे खड़ा करने कोई प्रयास नहीं किया।जुट उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ। इस प्रकार बीएसपी की उत्तर प्रदेश में 2002 से 2007 तक बिना किसी उद्देश्य के चली ।बाद में समाजवादी पार्टी की सरकार 2007से 2012 तक भी कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं हुआ । भारत के राज्यों में गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, मध्य प्रदेश, राजस्थान,ने उल्लेखनीय कार्य किया। कांग्रेस, ,बीजेडी,डीएमके, तुड़मूल कांग्रेस,सपा , टीवीके,आप, एआईडीएमके, राजेडी,सीपीई,सीपीएम, टीआरएस, सहित अनेक पार्टियां ऐसी है कि कुनवा चला रहा है । इन पार्टियां ने मुस्लिम तुष्टिकरण को हवा दी है । जिसमें सपा, डीएमके, तुड़मूल , कांग्रेस,राजद,ने तो मुसलमानों को जैसे वोट बैंक ही बनाया। इन पार्टियां के प्रमुखों ने अकूत संपत्ति अर्जित की है।2027 में उत्तर प्रदेश,पंजाब, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव होने है ।जिसमें से हिमाचल प्रदेश को छोड़कर सभी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी सरकारें है।

## (चिंतन-मनन) दूसरे की गलती

एक बार गुरु श्यामानंद ने अपने चार शिष्यों को एक पाठ पढ़ाया। पढ़ाने के बाद वह अपने शिष्यों से बोले, अब तुम चारों इस पाठ का बार-बार अध्ययन कर इसे याद करो। इस बीच यह ध्यान रखना कि तुम में से कोई बोले नहीं। थोड़ी देर बाद मैं तुमसे इस पाठ के बारे में बात करूंगा। यह कहकर श्यामानंद वहां से चले गए। उनके जाने के बाद चारों शिष्य अलग-अलग बैठकर पाठ का अध्ययन करने लगे।अचानक बादल घिर आए और वर्षा की संभावना बन गई। यह देखकर एक शिष्य बोला, लगता है, तेज बारिश होगी। यह सुनकर दूसरे ने कहा, तु ?हें बोलना नहीं चाहिए था। तभी तीसरा बोला, तुम लोगों ने बोलकर गुरुजी की आज्ञा भंग कर दी है। चौथा शिष्य चुपचाप पाठ पढ़ता रहा। इसी बीच श्यामानंद वहां आ गए। उन्हें देखकर पहला शिष्य बोला, गुरुजी, यह मौन नहीं रहा और बोलने लगा। दूसरा शिष्य बोल पड़ा, तो तुम कौन सा मौन थे। तुम भी तो बोल पड़े थे। तीसरे ने कहा, इन दोनों ने बोलकर आपकी आज्ञा भंग कर दी है। यह सुनकर दोनों तपाक से बोले, तुम भी तो बोल ही पड़े थे। मगर चौथा शिष्य अभी भी चुप था।




मेष राशि- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर ले। आपको किसी निवेश से बड़ा आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

वृष राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा होगा जिससे आपको राहत महसूस होगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है,जल्द ही आप करियर में नया मुकाम हासिल होगा। आज नया काम शुरू करते समय आपको बुजुर्गों का आशीर्वाद जरूर लेना चाहिये।

मिथुन राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपके ऑफिस में काम को लेकर विरोधी आपकी शिकायत कर सकता है। किसी नयी तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में इजाफा होगा। जीवनसाथी के साथ आप डिनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे। जो लोग संगीत या गायन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें किसी बड़ी जगह पर परफॉर्मेंस का मौका मिल सकता है।

कर्क राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कुछ लोग आपसे किसी काम के लिए मदद मांग सकते हैं। परिवार में आपके गुणों की तारीफ हो सकती है। रियल स्टेट से जुड़े लोगों की आज फायदेमंद डील हो सकती हैं। सरकारी सेवारत व्यक्तियों को जरूरी यात्रा करनी पड़ सकती है। अगर आप किसी नए काम की शुरुआत करने जा रहे हैं तो काम में बड़ों की सलाह लेना बेहतर रहेगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज आपको किसी तरह के कानूनी मामले में दोस्तों की मदद मिलेगी। जिससे दोस्तों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। आज करियर के मामले में चीज़ें बेहतर होने के आसार हैं।

कन्या राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी विशेष काम की ओर आपका झुकाव हो सकता है, आप अपना पूरा दिन पसंदीदा काम करके गुजारेंगे। आज आप परिवार वालों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे, जिसमें आप काफी हद तक सफल भी होंगे। आपको काम में कुछ नये लोगों के साथ साझेदारी करने का मौका मिल सकता है।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए कुछ नया अनुभव लेकर आएगा। आज आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। आज आपके घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, आपको खुशी होगी।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम को करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमाने का है।

धनु राशि- आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ आप मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र में लोगों से हर तरह का सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको एक नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी खुशी होगी। आज की शाम परिवार वालों के साथ बितायेंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। आपको माता-पिता के साथ किसी समारोह में जा सकते हैं।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, साथ ही आज आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहनों का सपोर्ट मिलेगा। अपने परिवार वालों के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। करियर में तरक्की के रास्ते खुल सकते हैं। आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना चाहिए और आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरूरत है।

# अनियंत्रित ओ,टी,टी प्लेटफॉम पर बढ़ती अभद्रता, किशोर मन में बढ़ता दुष्प्रभाव।

संजीव ठाकुर,

डिजिटल युग ने मनोरंजन की दुनिया में आमूल चूल परिवर्तन कर दिया है। पहले जहां सिनेमा, दूरदर्शन और पारिवारिक धारावाहिक मनोरंजन के प्रमुख और आदर्श साधन थे, वहीं आज ओटीटी प्लेटफॉर्म ने हर व्यक्ति के हाथ में निजी मनोरंजन का खुला एवं मर्यादाविहीन संसार दे दिया है। मोबाइल फोन और सस्ती इंटरनेट सेवाओं ने वेब सीरीज और फिल्मों को घर-घर, गांव गांव तक पहुंचा दिया है। यह गंभीर परिवर्तन तकनीकी दृष्टि से जितना उपयोगी और आधुनिक दिखाई देता है, उतना ही चिंताजनक उसका दूसरा पक्ष भी है। अनेक ओटीटी मंचों पर अश्लीलता, अत्यधिक नग्नता, हिंसा, गाली-गलौज और विकृत संबंधों को जिस प्रकार परोसा जा रहा है, उसने विशेष रूप से टीनएजर युवक युवतियों की मानसिकता और सामाजिक सोच को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। और ऋणात्मक प्रभाव पैदा करना शुरू कर दिया है।

ओटीटी मंचों का मूल उद्देश्य मनोरंजन और रचनात्मक स्वतंत्रता था, किंतु धीरे-धीरे कुछ निर्माताओं ने लोकप्रियता और त्वरित आर्थिक लाभ के लिए उत्तेजना आधारित सामग्री को अधिक महत्व देना प्रारंभ कर दिया। आज अनेक वेब सीरीज ऐसी हैं जिनमें कहानी से अधिक महत्व अंतरंग दृश्यों, असंयमित भाषा और उच्छृंखल जीवनशैली को खोलकर परोसा जाता है। समस्या केवल नग्नता दिखाने की नहीं है, बल्कि उसे आधुनिकता, स्वतंत्रता और प्रगतिशीलता का प्रतीक बनाकर प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति अधिक खतरनाक है।

युवा अवस्था स्वयं में संवेदनशील और जिज्ञासापूर्ण होती है। इस आयु में व्यक्ति अपने व्यक्तित्व, नैतिकता और सामाजिक व्यवहार का निर्माण कर रहा होता है। जब किशोर और युवा लगातार ऐसी सामग्री देखते हैं जिसमें संबंधों की गंभीरता के स्थान पर केवल शारीरिक आकर्षण को महत्व दिया जाता है, तब उनके मन में जीवन और रिश्तों के प्रति भ्रम उत्पन्न होने लगता है। धीरे-धीरे वे वास्तविक जीवन और आभासी मनोरंजन के बीच का अंतर समझने में कठिनाई अनुभव करने लगते हैं।

मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि लगातार उत्तेजक दृश्य देखने से युवा मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इससे ध्यान भटकना, पढ़ाई में अरुचि, अवसाद, चिड़चिड़ापन और असंयमित व्यवहार जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। कई बार युवा इन वेब सीरीज के पात्रों को आदर्श मानकर उनके व्यवहार की नकल करने लगते हैं। परिणामस्वरूप सामाजिक मर्यादाएं और पारिवारिक संस्कार कमजोर पड़ने लगते हैं।

सबसे गंभीर और चिंताजनक बात यह है कि ओटीटी पर उपलब्ध सामग्री तक पहुंचना अत्यंत सुलभ और आसान है। मोबाइल पर कुछ क्लिक करते ही किशोर आयु के बच्चे भी ऐसी सामग्री देख सकते हैं जो उनके मानसिक विकास के लिए बहुत ही खतरनाक होती। अभिभावकों की अति व्यस्तता और डिजिटल जागरूकता की कमी के कारण बच्चे अक्सर बिना किसी निगरानी के इन मंचों का उपयोग करते हैं। यह स्थिति आने वाले समय में सामाजिक असंतुलन का कारण बन सकती है।

युवा वर्ग पर इसका प्रभाव केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक व्यवहार में भी दिखाई देने लगा है। रिश्तों के प्रति गंभीरता कम होना, महिलाओं को केवल आकर्षण की वस्तु के रूप में देखना, त्वरित सुखवाद की प्रवृत्ति और पारिवारिक मूल्यों से दूरी, ये सब धीरे-धीरे समाज में बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। प्रेम, त्याग, संवेदना और जिम्मेदारी जैसे मूल्यों की जगह क्षणिक आकर्षण और दिखावटी आधुनिकता ने लेना शुरू कर दिया है।

यह भी सत्य है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किसी भी लोकतांत्रिक समाज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। कला और साहित्य को अपनी बात कहने का अधिकार होना चाहिए। किंतु स्वतंत्रता और स्वच्छंदता में अंतर होता है। यदि मनोरंजन के नाम पर सामाजिक मर्यादाओं को लगातार कमजोर किया जाए, तो उसका प्रभाव अंतत: समाज की नैतिक संरचना पर पड़ता है। इसलिए यह आवश्यक है कि रचनात्मक स्वतंत्रता के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व भी जुड़ा रहे।

सरकार और संबंधित संस्थाओं को ओटीटी सामग्री के लिए प्रभावी और स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाने चाहिए।कम आयु वर्ग के अनुसार सामग्री का वर्गीकरण कठोरता से लागू हो तथा अश्लीलता और अनावश्यक नग्नता पर स्पष्ट सीमाएं और नियंत्रण निर्धारित हों। केवल चेतावनी लिख देना पर्याप्त नहीं है। डिजिटल प्लेटफॉर्म को तकनीकी रूप से ऐसा तंत्र विकसित करना चाहिए जिससे कम उम्र के बच्चे वयस्क सामग्री तक आसानी से न पहुंच सकें।

इसके साथ-साथ अभिभावकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। केवल बच्चों को मोबाइल दे देना और फिर उनकी गतिविधियों से अनजान रहना उचित नहीं है। माता-पिता को बच्चों के साथ संवाद स्थापित करना चाहिए, उन्हें अच्छे और बुरे मनोरंजन के बीच का अंतर समझाना चाहिए तथा परिवार में सांस्कृतिक और नैतिक वातावरण को मजबूत बनाना चाहिए।

विद्यालयों और महाविद्यालयों में भी डिजिटल नैतिकता और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। युवाओं को यह समझाना आवश्यक है कि वास्तविक जीवन की सफलता केवल दिखावटी आधुनिकता या उत्तेजना में नहीं, बल्कि संयम, चरित्र, ज्ञान और संतुलित सोच में निहित होती है।





# आईईडी में सिम कार्ड लगाकर बीएसएफ कैंप के बाहर किया था ब्लास्ट, जालंधर धमाके का आरोपी गिरफ्तार; पाकिस्तान में बैठा है आका

जालंधर ,(आरएनएस)। जालंधर में बीएसएफ हेडक्वार्टर के सामने 5 मई को हुए IED ब्लास्ट केस में पुलिस ने मुख्यारोपी को हिरासत में लिया है। सूत्रों के मुताबिक पकड़ा गया मुख्य आरोपी पंजाब का ही रहने वाला है। इस मामले में अभी तक 17 के करीब आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

इस ब्लास्ट मामले में एक हैरान कर देने वाली जानकारी सामने आई है। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने IED में अपना सिम कार्ड लगाया हुआ था। आरोपी ने उसी नंबर पर कॉल किया जिस से IED ब्लास्ट हुआ था। सूत्रों के मुताबिक IED में इस्तेमाल विस्फोटक आरोपी ने बॉर्डर एरिया में मौजूद किसी शख्स से लिया था। बताया जा रहा है कि ब्लास्ट के पीछे पाकिस्तान डॉन शहजाद भट्टी



का हाथ है। इस मामले के तार ISI से जुड़े हैं। खुद डीजीपी पंजाब गौरव यादव भी पाकिस्तान का हाथ बता चुके हैं। सूत्रों के अनुसार आईएसआई के इशारे पर आतंकी साजिश का प्लान था। वहीं ब्लास्ट मामले में पंजाब में बड़ा ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बुधवार देर रात तक जालंधर पुलिस की कई टीमों ने नकोदर, कपूरथला, नवांशहर, अमृतसर, तरनतारन और होशियारपुर एरिया में सर्च ऑपरेशन चलाए। इस दौरान पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ भी की है। हिरासत में लिए गए ज्यादातर युवक पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी से सोशल मीडिया के जरिए टच में थे। ब्लास्ट से लिंक को लेकर जालंधर पुलिस बीते दिनों नवांशहर से भी 3 युवकों को उठा चुकी है। इनसे पूछताछ के बाद पुलिस ने तलाशी अभियान और तेज किए हैं।



ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ।

# 22 जिलों में कुदरत का रौद्र रूप, तूफान-बारिश से 111 की मौत, सीएम योगी का आदेश- युद्धस्तर पर हो बचाव कार्य

लखनऊ (ए.)। उत्तर प्रदेश में भीषण मौसम का कहर जारी है, जहां आंधी, मलबा गिरने और बिजली गिरने जैसी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 111 हो गई है। राजस्व सचिव और राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने बताया कि पिछले 24 से 36 घंटों में बिजली गिरने और आंधी से संबंधित घटनाओं की समीक्षा के लिए जिला अधिकारियों के साथ बैठक की गई। राहत आयुक्त के अनुसार, मलबे और गिरे हुए पेड़ों के नीचे दबने से 107 लोगों की मौत हो गई, जबकि बिजली गिरने से चार लोगों की मौत हुई। इस आपदा में कुल 72 लोग घायल हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



ने प्रदेश में बेमौसम बारिश, आंधी और बिजली गिरने से हुए नुकसान का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को 24 घंटे के अंदर पीड़ितों को राहत देने के आदेश दिये हैं। अधिकारियों ने 170 छोटे-बड़े जानवरों के मारे जाने की सूचना दी, जबकि 227 घरों को आंशिक या पूर्ण क्षति पहुंची। प्रशासन ने बताया कि नुकसान की जानकारी जिला अधिकारियों से प्राप्त हुई है। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में भीषण मौसम के कारण नुकसान हुआ है। जिला मजिस्ट्रेटों को युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। राहत आयुक्त ने कहा कि सरकारी मानदंडों के अनुसार अनुग्रह राशि वितरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है और इसकी निगरानी यहीं से की जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को तुरंत तेज करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1070 पर लगातार कॉल आ रहे हैं और तदनुसार कार्रवाई की जा रही है।

# दो मालवाहक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर आ रहें भारत



नई दिल्ली (ए.)। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच, भारत के लिए एलपीजी आपूर्ति ले जा रहे दो मालवाहक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर चुके हैं और अगले कुछ दिनों में भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए देश में निर्बाध ईंधन आपूर्ति बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों को रेखांकित किया। राजधानी में अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि मार्शल द्वीप समूह के ध्वज वाला एलपीजी वाहक पोत एसवाईएमआई, जो भारत के लिए 19,965 मीट्रिक टन (एमटी) एलपीजी माल लेकर जा रहा है और जिसमें 21 विदेशी चालक दल के सदस्य सवार हैं, 13 मई को होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर गया और इसके 16 मई को कांडला पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने आगे बताया कि वियतनाम के ध्वज वाला एलपीजी वाहक पोत एनवी सनशाइन, जो भारत के लिए 46,427 मीट्रिक टन एलपीजी माल लेकर जा रहा है और जिसमें 24 विदेशी चालक दल के सदस्य सवार हैं, 14 मई को होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर गया और इसके 18 मई को न्यू मैंगलोर पहुंचने की उम्मीद है। दोनों मालवाहक जहाज़ इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) के हैं। यह अपडेट ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार और शिपिंग मार्ग लगातार दबाव में हैं। इस बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि कच्चे तेल, एलपीजी और एलएनजी के आयात में व्यवधान के बावजूद सरकार ने पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार बनाए रखने के लिए कई उपाय किए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (विपणन एवं तेल शोधन) सुजाता शर्मा ने इसी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया संकट शुरू हुए लगभग 75 दिन बीत चुके हैं, जिसके कारण हमारे कच्चे तेल, एलपीजी और एलएनजी के आयात प्रभावित हुए हैं। हालांकि, भारत सरकार ने कई प्रभावी कदम उठाए हैं, जिसके चलते देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी रिफाइनरियां अधिकतम क्षमता से काम कर रही हैं और एलपीजी उत्पादन में भी वृद्धि की गई है। पीएनजी के उपयोग को बढ़ाने के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए शर्मा ने कहा, मार्च से अब तक 7 लाख से अधिक पीएनजी कनेक्शनों को गैस में परिवर्तित किया जा चुका है। उन्होंने आगे बताया कि 2,72,000 से अधिक कनेक्शनों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है और लगभग 7.5 लाख नए उपभोक्ताओं ने पीएनजी कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है।

# ममता बनर्जी के वकील की पोशाक में कोर्ट में आने पर विवाद, बार काउंसिल ने मांग ली प्रैक्टिस डिटेल, वकालत पर उठे सवाल



कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सुप्रीमो ममता बनर्जी गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में वकील के गाउन में राज्य में कथित चुनावोत्तर हिंसा से जुड़े एक मामले पर बहस करने के लिए पेश हुईं। वह टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं चंद्रिमा भट्टाचार्य और कल्याण बनर्जी के साथ अदालत पहुंचीं। यह मामला अधिवक्ता शिरशन्या बंद्योपाध्याय द्वारा टीएमसी की ओर से दायर जनहित याचिका से संबंधित है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद पार्टी कार्यालयों पर हमले हुए और कई टीएमसी कार्यकर्ताओं को हिंसा का सामना करना पड़ा। याचिका के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस से जुड़े होने के कारण कई पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं पर कथित तौर पर हमला किया गया। इसमें यह भी दावा किया गया है कि चुनाव के बाद कई कार्यकर्ताओं को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। यह याचिका 12 मई को कलकत्ता उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की गई और मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। सुनवाई समाप्त होने के बाद न्यायालय परिसर के अंदर तनाव की खबर आई। जब ममता बनर्जी उच्च न्यायालय से बाहर निकल रही थीं, तो वकीलों के एक समूह ने कथित तौर पर उन्हें चोर कहकर नारे लगाए। टीएमसी नेताओं और वकीलों द्वारा उन्हें परिसर से सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास के दौरान स्थिति कुछ समय के लिए अराजक हो गई। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कल्याण बनर्जी ने भाजपा से जुड़े वकीलों पर पूर्व मुख्यमंत्री को परेशान करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि यदि एक पूर्व मुख्यमंत्री के साथ ऐसा व्यवहार किया जा सकता है, तो पूरे बंगाल में आम टीएमसी कार्यकर्ताओं को और भी अधिक शत्रुता का सामना करना पड़ रहा होगा।

# अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस का बदला रूट, सीमांचल से पंजाब-दिल्ली का सफर होगा आसान



किशनगंज,(आरएनएस)। रेलवे बोर्ड ने 14663/14664 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस को लेकर नया आदेश जारी किया है। 11 मई 2026 को जारी संशोधित अधिसूचना के अनुसार, ट्रेन के रूट, ठहराव (स्टॉपेज) और समय-सारणी में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं।यह नया आदेश 25 फरवरी 2026 को जारी पुराने आदेश का स्थान लेगा। रेलवे मंत्रालय के निर्देश के बाद अब यह ट्रेन संशोधित मार्ग से नियमित रूप से संचालित की जाएगी।सबसे खास बात यह है कि रेलवे बोर्ड द्वारा जारी समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे और भाजपा नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव का आज सुबह निधन हो गया। उनका शव, पोस्टमॉर्टम के लिए लखनऊ स्थित केजीएमयू लाया गया है।

# ससुर ने दी मुखाग्नि, भावुक दिखे अखिलेश-शिवपाल, प्रतीक का हुआ अंतिम संस्कार



लखनऊ,(आरएनएस)। शमशान घाट पर माहौल तब और भी गमगीन हो गया जब ससुर अरविंद बिष्ट ने प्रतीक यादव को मुखाग्नि दी। अपने पति को अंतिम विदाई देते समय अपर्णा फूट-फूटकर रोने लगी। घाट पर मौजूद यादव परिवार के सभी सदस्यों और समर्थकों ने भारी मन से प्रतीक यादव को विदा किया और उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। उनके ससुर अरविंद बिष्ट जर्नलिस्ट रह चुके हैं। साथ ही सपा सरकार में राज्य सूचना आयुक्त भी थे। प्रतीक यादव की अंतिम यात्रा जब घर से निकली तो सबकी आंखें नम थीं। उनकी पत्नी अपर्णा यादव अपनी दोनों छोटी बेटियों के साथ शमशान घाट पहुंची। अपर्णा यादव अपनी बेटियों को लेकर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज की कार में सवार होकर घाट तक पहुंची। पिता को खोने का गम बेटियों के चेहरों पर साफ झलक रहा था, जिसे देख वहां मौजूद हर शख्स की आंखें भर आई। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष और भाजपा नेता अपर्णा यादव पति के निधन से पूरी तरह टूट चुकी हैं। बेहद भावुक नजर आ रही अपर्णा ने अपने करीबियों, दोस्तों और शुभचिंतकों से अपील की है कि वे प्रतीक यादव की अंतिम विदाई में शामिल होकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दें। इस मुश्किल समय में भाजपा और समाजवादी पार्टी, दोनों ही दलों के बड़े नेताओं ने अपर्णा से मिलकर उन्हें सांत्वना दीसमाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव अपने छोटे भाई प्रतीक के निधन के बाद से ही लगातार परिवार के साथ खड़े हुए हैं। भाई के जाने की खबर मिलते ही अखिलेश तुरंत अस्पताल पहुंचे और तब से लेकर पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार की हर जिम्मेदारी खुद संभाल रहे हैं। अखिलेश यादव ने भरे मन से याद किया कि प्रतीक हमेशा जीवन में कुछ बड़ा करना चाहते थे और अपनी मेहनत से समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने की कोशिश में जुटे रहते थे।

## अरुणाचल प्रदेश में व्हीआईपी कल्चर पर बड़ा एक्शन, विदेश यात्रा पर बैन, काफिला भी होगा छोटा



ईटानगर (ए.)। अरुणाचल प्रदेश सरकार ने व्यय को कम करने, प्रशासनिक कामकाज में सुधार करने और सभी विभागों में टिकाऊ शासन प्रथाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागत में कटौती और दक्षता उपायों की एक श्रृंखला की घोषणा की है। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, नए उपायों में अगले एक वर्ष के लिए मंत्रियों और सरकारी अधिकारियों की विदेश यात्रा पर पूर्ण प्रतिबंध शामिल है। इसके अलावा, ईंधन की बचत और आधिकारिक आवागमन को सुगम बनाने के प्रयासों के तहत मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों के काफिले में सदस्यों की संख्या 50 प्रतिशत तक कम कर दी जाएगी। सरकार ने आधिकारिक बैठकों के लिए वर्चुअल फर्स्ट नीति भी लागू की है। सभी अपरिहार्य आधिकारिक यात्राओं के लिए अब कम से कम 15 दिन पहले टिकटों की अग्रिम बुकिंग अनिवार्य होगी, जबकि अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी) यात्राओं की योजना कम से कम 45 दिन पहले बनानी होगी। डिजिटल शासन की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए, राज्य ने मार्च 2027 तक अधीनस्थ कार्यालयों, सर्कल कार्यालयों और एसडीओ मुख्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली या कागज रहित कामकाज को 100 प्रतिशत अपनाने का आदेश दिया है। दिशा-निर्देशों में अधिकारियों, स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों और सरकारी कर्मचारियों को जहां भी संभव हो, कारपूलिंग और सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग को प्रोत्साहित किया गया है, ताकि यातायात और ईंधन की खपत को कम किया जा सके।

# एक्शन नहीं लिया तो अराजकता फैलेगी, केजरीवाल समेत 5 आप नेताओं के खिलाफ अदालत की आपराधिक अवमानना का नोटिस जारी

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने अदालत की आपराधिक अवमानना के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। अदालत ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो समाज में अराजकता फैल जाएगी। इस मामले में केजरीवाल के अलावा आम आदमी पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और दुर्गेश पाठक के खिलाफ भी अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान न्यायपालिका की गरिमा का जिक्र करते हुए कोर्ट ने एक बेहद अहम और कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि जब न्यायपालिका जैसी सर्वोच्च संस्था को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की जाती है, तो एक जज का यह सर्वोपरि दायित्व बन जाता है कि वह बिना किसी दबाव के काम करे और बदनामी की ऐसी कोशिशों से अपने फैसले को प्रभावित न होने दे। अदालत ने स्थिति को स्पष्ट




करते हुए यह भी कहा कि जब जज को इस मामले की सुनवाई से अलग होने की याचिका पर विचार किया जा रहा था, तब कोर्ट को ऐसा लगा था कि यह मुद्दा केवल एक न्यायिक आदेश की वैधता और पक्षपात की आशंका तक ही सीमित है। इससे पहले, अदालत ने कहा था कि वह आम आदमी पार्टी के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक का प्रतिनिधित्व करने के लिए तीन वरिष्ठ अधिवक्ताओं को एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त करेगी। ये अधिवक्ता आबकारी नीति मामले में उनके पक्ष में पारित बरी करने के आदेश के खिलाफ सीबीआई की याचिका में शामिल होंगे। यह तब हुआ जब केजरीवाल, सिसोदिया और पाठक ने न्यायमूर्ति शर्मा को पत्र लिखकर कहा था कि आबकारी मामले की कार्यवाही में उनका कोई वकील नहीं होगा। केजरीवाल ने न्यायमूर्ति शर्मा को पत्र लिखकर कहा था कि वे न्यायाधीश के समक्ष लंबित कार्यवाही में भाग नहीं लेंगे। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता से न्याय मिलने की मेरी उम्मीद खत्म हो गई है। इसलिए मैंने महात्मा गांधी द्वारा दिखाए गए सत्याग्रह के मार्ग पर चलने का फैसला किया है। केजरीवाल के बाद सिसोदिया और पाठक ने भी न्यायमूर्ति शर्मा को पत्र लिखकर सूचित किया कि वे भी उनकी अदालत में बिना वकील के पेश होंगे। न्यायमूर्ति शर्मा ने इससे पहले सीबीआई की याचिका की सुनवाई से खुद को अलग करने से इनकार कर दिया था।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गाजियाबाद के कमला नेहरू नगर स्थित राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 8वीं बटालियन में आयोजित प्रेसिडेंट्स कलर अवार्ड समारोह के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया।

## जो अब तक नहीं हुआ है वह होकर रहेगा...राजनाथ सिंह की पाकिस्तान को सीधी चेतावनी



नई दिल्ली (ए.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसने एक बार फिर भारत पर बुरी नजर डालने की हिम्मत की, तो ऐसा कुछ होगा जो पहले कभी नहीं हुआ। जयपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि आतंकवाद को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन के वीडियो के साथ एक्स पर पोस्ट किया, ऑपरेशन सिंदूर को एक साल पूरा हो गया है। जब पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया, तो पूरा देश आक्रोशित हो गया। इसके बाद, भारत ने निर्णायक जवाब दिया और दुश्मन को चौंका दिया। हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब चुप रहने वाला देश नहीं है; हमलों का जवाब दुश्मन के घर में घुसकर दिया जाएगा, और कोई सीमा हमें रोक नहीं सकती। भारत के आतंकवाद-विरोधी दृढ़ रुख पर प्रकाश डालते हुए सिंह ने कहा कि देश ने शुरू से ही आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा करते हुए इसे एक ऐतिहासिक अभियान बताया, जिसने भारत की सैन्य प्रतिक्रिया में एक नया अध्याय जोड़ा है। सिंह ने कहा कि हम किसी को उकसाते नहीं हैं, लेकिन अगर कोई हमें उकसाता है, तो हम उसे नहीं छोड़ते। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद के प्रति भारत की प्रतिक्रिया अब त्वरित और निर्णायक होगी। रक्षा मंत्री ने हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए इसे आतंकवादियों द्वारा किया गया कायरतापूर्ण कृत्य बताया। आरोप है कि आतंकवादियों ने पीड़ितों से धर्म के बारे में पूछकर उन्हें निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि भारत न्याय और मानवता में विश्वास रखता है।

# 22 साल में 54 विदेश यात्रा... कमाई 11 करोड़ और खर्च किए 60 करोड़; बीजेपी ने राहुल गांधी पर उठाए सवाल



नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उनके विदेश दौरों और उनसे जुड़े कथित खर्च को लेकर सवाल उठाए हैं। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि राहुल गांधी ने वर्ष 2004 से 2026 के बीच 54 निजी विदेश यात्राएँ की हैं, जिन पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि इन दौरों में कोई आधिकारिक सरकारी या संसदीय यात्रा शामिल नहीं है। पात्रा ने राहुल गांधी की घोषित आय का हवाला देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 से 2022-23 के बीच उनकी कुल आय लगभग 11 करोड़ रुपये रही है। ऐसे में उन्होंने सवाल उठाया कि जब घोषित आय सीमित है, तो विदेश यात्राओं पर इतना खर्च कैसे हुआ और इसका स्रोत क्या है। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी पिछले 22 वर्षों से जनप्रतिनिधि हैं और इस दौरान उन्होंने इटली, ब्रिटेन, अमेरिका, जर्मनी, वियतनाम, सिंगापुर, बहरीन, मालदीव, कतर और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों की यात्रा की है। भाजपा ने यह आरोप भी लगाया कि इन यात्राओं से जुड़े कई रिकॉर्ड और तस्वीरें सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं, लेकिन उनके वित्तपोषण के स्रोत और भुगतान प्रक्रिया को लेकर अब तक स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

# तलाक की खबरों के बीच पहली बार नजर आईं मौनी रॉय, पैपराजी से बचती दिखीं एक्ट्रेस; मुंह घुमाकर वहां से निकलीं





पति सूरज नांबियार से तलाक की खबरों के बीच मौनी रॉय पहली बार पैपराजी के कैमरों में कैद हुईं। इस दौरान क्यों मौनी ने पैप्स को किया इग्नोर और मुंह फेरकर हुईं रवाना? देखें वायरल वीडियोज

मौनी रॉय अपनी पर्सनल लाइफ और पति सूरज नांबियार से तलाक की खबरों को लेकर लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। कई रिपोर्ट में तो दोनों के अलग रहने तक की खबरें सामने आ रही हैं। इन चर्चाओं के बीच मौनी रॉय पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आईं। इस दौरान एक्ट्रेस पैपराजी से बचती नजर आईं।

**दोस्तों के साथ नजर आईं मौनी**

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में मौनी रॉय बीती रात पहली बार तलाक की चर्चाओं के बीच मीडिया के सामने नजर आईं। इस दौरान मौनी को मुंबई में एक रेस्टोरेंट से अपने दोस्तों के साथ बाहर आते देखा गया। मौनी अपनी दोस्त को सुरक्षित तरीके से कार के अंदर तक लेकर आईं।

इस पूरे दौरान एक्ट्रेस पैपराजी और कैमरों से बचती नजर आईं। गाड़ी में बैठने के बाद भी मौनी दूसरी तरफ अपना मुंह घुमाए रहीं। वहीं अपने हाव-भाव से एक्ट्रेस थोड़ी सी परेशान जरूर दिखीं। अभिनेत्री ने न तो फोटोग्राफरों को कोई जवाब दिया और न ही कैमरे के लिए पोज देने के लिए रुकीं।

**ऐसे शुरू हुईं दोनों के तलाक की चर्चाएं**

मौनी रॉय और सूरज नाम्बियार के अलग होने की खबरें इस हफ्ते की शुरुआत में तब सुर्खियों में आईं जब दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया। इसके अलावा दोनों ने अपनी शादी की तस्वीरें भी डिलीट कर दीं। बाद में कई मीडिया रिपोर्ट्स में तो यहां तक दावा किया गया कि दोनों का तलाक हो चुका है और दोनों अलग रह रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि सूरज ने शोहरत हासिल करने के लिए मौनी को धोखा दिया।

**मौनी ने की झूठ न फैलाने की अपील**

हालांकि, तलाक की चर्चाओं के बीच मौनी रॉय ने बीते दिन अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की। इसमें उन्होंने लोगों से झूठी खबरें न फैलाने और उनकी निजता का सम्मान करने की अपील की। साथ उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि उन्हें अपना स्पेस दें। हालांकि, मौनी ने यह पुष्टि नहीं की कि वह और सूरज अलग होने वाले हैं या उनके बीच सबकुछ ठीक है।

## कान 2026 में ब्लैक ऑफ शोल्डर कॉर्सेट टॉप और स्कर्ट में बेहद हसीन दिखीं तारा सुतारिया, देखें सात वायरल तस्वीरें



कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में तारा सुतारिया ने पहले लुक से सबका ध्यान खींचा था। अब उन्होंने एक और खूबसूरत लुक के साथ वापसी की है। इस बार उन्होंने भारी-भरकम गाउन की जगह सरल और एलिगेंट स्टाइल चुना, जिसमें वह बेहद हसीन दिख रही हैं।

तारा ने यह ब्लैक ड्रेस लुक 'रेड सी वुमन इन सिनेमा' के कार्यक्रम के लिए लिया है। रोमानियाई डिजाइनर रिया कोस्टा की इस ड्रेस को तान्या घावरी ने स्टाइल किया है। तारा ने ब्लैक ड्रेस में डलीला (dalila top) नाम का ऑफ-शोल्डर कॉर्सेट टॉप पहना है, जो शरीर पर अच्छे से फिट बैठता है।

# अभिनेत्री दिशा पाटनी भी ग्लोबल मंच पर बना रही पहचान



मुंबई (ईएमएस)। ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट के बाद बॉलीवुड की एक और अभिनेत्री दिशा पाटनी भी ग्लोबल मंच पर अपनी पहचान बनाने की तैयारी कर रही हैं। दिशा पाटनी की पहली इंटरनेशनल फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसने काफी चर्चा बटोर ली है।

यह फिल्म एक काल्पनिक और रहस्यमयी दुनिया की कहानी पर आधारित है। 'स्टेटिगार्ड्स वर्सेज होलीगार्ड्स' नाम की नई फिल्म सीरीज की यह पहली कड़ी है। फिल्म की कहानी लाडो ओखोटनिकोव ने तैयार की है। इसमें दो प्राचीन शक्तियों के बीच संघर्ष को दिखाया गया है। एक पक्ष दुनिया में संतुलन और नियम बनाए रखने की बात करता है, जबकि दूसरा पक्ष अलग विचारधारा और नई दिशा का समर्थन करता है। इसी टकराव के बीच दिशा पाटनी का किरदार जेसिका सबसे अहम भूमिका में नजर आता है। फिल्म में जेसिका को एक ऐसी युवती के रूप में दिखाया गया है, जिसका संबंध दोनों विरोधी गुटों से है। वह दोनों पक्षों के नेताओं की बेटी है और इसी वजह से उसे दो दुनियाओं के बीच एक मजबूत कड़ी माना जाता है। कहानी में दुनिया का भविष्य उसके फैसलों पर निर्भर करता दिखाई देता है। ट्रेलर में यह भी दिखाया गया है कि जेसिका अपनी रहस्यमयी शक्तियों को समझने और नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है। उसके सामने सिर्फ दुश्मनों से लड़ने की चुनौती नहीं है, बल्कि अपनी असली पहचान खोजने और सही रास्ता चुनने की जिम्मेदारी भी है।

ट्रेलर में दिशा पाटनी के कई दमदार एक्शन दृश्य देखने को मिलते हैं। वह तलवारबाजी से लेकर रहस्यमयी शक्तियों का इस्तेमाल करती नजर आती हैं। उनके एक्शन सीक्रेंस और स्क्रीन प्रेजेंस ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। फिल्म की स्टार कास्ट भी काफी मजबूत मानी जा रही है। दिशा पाटनी के साथ हॉलीवुड अभिनेता केविन स्पेसी, डॉल्फ लुंडग्रेन और टायरेस गिब्सन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। दिशा पाटनी ने फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर करते हुए कहा कि पहली इंटरनेशनल फिल्म में काम करना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा। उन्होंने बताया कि अलग-अलग देशों के कलाकारों के साथ काम करते हुए उन्हें बहुत कुछ सीखने का मौका मिला।


# मातृत्व अनुभव को साझा करते हुए रोने लगी कियारा आडवाणी

मुंबई (ए.)। अपनी बेटी सारायाह के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी पहले मदर्स डे का जश्न मना रही हैं। कियारा ने पिछले साल 15 जुलाई को बेटी का स्वागत किया था। हाल ही में कियारा अपने मातृत्व अनुभव और पोस्टपार्टम के बाद के दौर पर खुलकर बात करने के लिए सुर्खियों में हैं।

उन्होंने एक पॉडकास्ट में शिरकत की, जहाँ उन्होंने मां बनने के बाद एक महिला के जीवन में आने वाले गहरे बदलावों को साझा किया। कियारा ने बताया कि ये बदलाव केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि भावनात्मक और मानसिक स्तर पर भी होते हैं, जो एक महिला के पूरे अस्तित्व को नया आयाम देते हैं।

यह मां बनने के बाद कियारा का पहला पॉडकास्ट था, जिसमें उन्होंने अपनी मदरहुड यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। इस पॉडकास्ट की एक क्लिप तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें कियारा इंटरव्यू के दौरान भावुक होकर रोने लगती हैं। अभिनेत्री ने कहा कि मां बनने के बाद उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल गई है। उन्होंने मातृत्व को एक ऐसा





अनुभव बताया जिसने उनकी सोच, भावनाओं और पहचान तक को नया आयाम दिया है।

कियारा के अनुसार, यह सिर्फ एक भूमिका नहीं, बल्कि स्वयं को नए सिरे से परिभाषित करने का सफर है। अपने पोस्टपार्टम दौर को याद करते हुए, कियारा ने बताया, 'मां बनने के बाद जिंदगी बिल्कुल एक नई दुनिया जैसी हो जाती है।' उन्होंने साझा किया कि बेटी के जन्म के करीब छह महीने बाद उन्होंने पहली बार खुद के इमोशंस और मानसिक स्थिति पर गंभीरता से ध्यान देना शुरू किया। कियारा ने स्वीकार किया कि वह अपनी जिंदगी में हमेशा दूसरों को प्राथमिकता देती आई थीं, लेकिन मातृत्व ने उन्हें खुद से फिर से जुड़ने और अपनी भावनाओं को गहराई से समझने का महत्वपूर्ण अवसर दिया है।

यह उनके लिए आत्म-खोज और व्यक्तिगत विकास का एक अनमोल समय साबित हुआ है। इस मुश्किल और भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण समय में, अभिनेत्री ने अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा की अटूट मदद और समर्थन की भी सराहना की। कियारा ने बताया कि सिद्धार्थ अपनी व्यस्त दिनचर्या के बावजूद देर रात उनसे मिलने पहुंच जाते थे। बेटी के जन्म के बाद, वह अक्सर छोटी-छोटी बातों पर भावुक हो जाती थीं, तब सिद्धार्थ उन्हें हर रात ड्राइव पर ले जाते थे ताकि उनका मन हल्का हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि जब सिद्धार्थ अपनी फिल्मों के प्रमोशन में व्यस्त थे, तब कियारा का मन उनसे दूर नहीं लग रहा था।

# इंस्पेक्टर अविनाश में आंतरिक भावनाओं की जरूरत : उर्वशी रौतेला



मुंबई (ए.)। वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश के नए सीजन में पूनम मिश्रा के दमदार किरदार में बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला पुनः वापसी कर रही हैं। उर्वशी ने अपने किरदार और अभिनय के दृष्टिकोण को लेकर कुछ बातें साझा कीं।

उन्होंने बताया कि उनकी सार्वजनिक छवि हमेशा ग्लैमर और बाहरी सुंदरता से जुड़ी रही है, लेकिन इंस्पेक्टर अविनाश जैसे प्रोजेक्ट्स में दिखावे और चमक-धमक से कहीं अधिक सच्ची और आंतरिक भावनाओं की जरूरत होती है। मीडिया से चर्चा में उर्वशी ने खुलासा किया कि एक कलाकार के रूप में वास्तविक रूप से आगे बढ़ने और अपने काम को निखारने के लिए परफॉर्मेंस वैनिटी यानी हर फ्रेम में एकदम परफेक्ट और खूबसूरत दिखने की सोच को त्यागना बेहद आवश्यक होता है। उन्होंने स्पष्ट किया, लोग अक्सर मुझसे हर फ्रेम, हर अभिव्यक्ति और हर पल में परफेक्शन की उम्मीद करते हैं, क्योंकि मेरी छवि वर्षों से ग्लैमरस रही है। लेकिन इंस्पेक्टर अविनाश जैसे गंभीर और यथार्थवादी प्रोजेक्ट विजुअल परफेक्शन से ज्यादा भावनात्मक ईमानदारी और सच्चाई की मांग करते हैं। अभिनेत्री ने बताया कि पूनम मिश्रा के इस किरदार को निभाने के लिए, उन्होंने खुद को वर्तमान क्षण में अधिक प्रेजेंट रखने पर ध्यान केंद्रित किया। उर्वशी ने कहा, असल जिंदगी में जब लोग किसी मुश्किल या दर्दनाक हालात से गुजर रहे होते हैं, तो वे यह नहीं सोचते कि वे कैसे दिख रहे हैं। वे केवल उस स्थिति पर प्रतिक्रिया दे रहे होते हैं, उन हालातों से जूझ रहे होते हैं, और अपनी भावनाओं को गहराई से महसूस कर रहे होते हैं। एक अभिनेता के तौर पर इस सच्चाई को समझना और उसे अपनी प्रस्तुति में उतारना मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण था। उर्वशी ने यह भी बताया कि संयमित अभिनय, यानी कम शब्दों, शांत शारीरिक भाषा और नियंत्रित भावों के जरिए गहरी भावनाएं व्यक्त करना, अक्सर अधिक नाटकीय अभिनय से कहीं ज्यादा मुश्किल होता है।

उन्होंने कहा, मौन, स्थिरता और नियंत्रित भावनाएं दिखाने के लिए एक अलग तरह के आत्मविश्वास और आंतरिक शक्ति की आवश्यकता होती है। कई बार, अपनी भावनाओं को कम करके या दबी हुई स्थिति में सच दिखाना, अति-नाटकीय प्रदर्शन से भी अधिक चुनौतीपूर्ण होता है और उसका प्रभाव भी गहरा होता है। उर्वशी ने अपनी बात समाप्त करते हुए कहा कि, एक कलाकार के तौर पर, यह उनके लिए यकीनन आजादी देने वाला अनुभव था, क्योंकि इसने मुझे हर पल अपनी छवि बनाए रखने के दबाव के बिना, अपनी भावनाओं को पूरी सच्चाई और ईमानदारी से दिखाने का मौका दिया। यह उनके अभिनय करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो रहा है, जहां वे अपनी ग्लैमरस छवि से हटकर, अधिक गंभीर और संवेदनशील किरदारों में अपनी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं।

# एक्टर को खाने से मना किया तो निर्माता पर भड़क उठे अक्षय खन्ना



नई दिल्ली(ईएमएस)। बॉलीवुड के सबसे गंभीर और खामोश मिजाज अभिनेताओं में शुमार अक्षय खन्ना इन दिनों अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर की सफलता का आनंद ले रहे हैं। दिग्गज अभिनेता अमित बहल ने एक साक्षात्कार में अक्षय खन्ना से जुड़ा एक बेहद भावुक और प्रेरक किस्सा साझा किया। बहल के मुताबिक, एक फिल्म की शूटिंग के दौरान उनके साथ काम कर रहे एक चरित्र अभिनेता लंच के लिए उस होटल में आए थे जहाँ अक्षय रुके हुए थे। वह कलाकार किसी अन्य होटल में ठहरे थे। जैसे ही उन्होंने भोजन का पहला निवाला उठाना चाहा, प्रोडक्शन टीम के एक सदस्य ने उन्हें यह कहते हुए रोक दिया कि जो कलाकार इस होटल में नहीं रुका है, वह यहाँ का खाना नहीं खा सकता। बताया जाता है कि यह आपत्ति निर्माता की पत्नी या किसी करीबी रिश्तेदार की ओर से आई थी।

अपमानित महसूस कर रहे उस कलाकार ने चुपचाप अपनी प्लेट रख दी और किनारे जाकर बैठ गए। अक्षय खन्ना दूर खड़े यह सब देख रहे थे। आमतौर पर सेट पर अपने काम से काम रखने वाले और बेहद शांत रहने वाले अक्षय का गुस्सा उस दिन ज्वालामुखी की तरह फूट पड़ा। वे तुरंत बीच-बचाव में आए और पूरी यूनिट के सामने भूख और इंसानियत पर एक ऐसी बात कही जिसे सुनकर सबकी बोलती बंद हो गई।

अमित बहल ने बताया कि अक्षय उस दिन भारी गुस्से में थे। उन्होंने निर्माता और क्रू मेंबर्स को आड़े हाथों लेते हुए खरी-खोटी सुनाई। अक्षय ने गरजते हुए कहा कि कोई भी फिल्म इस बात से सफल नहीं होती कि आपने कितनी प्लेटें बचाईं या राशन का कितना हिसाब रखा, बल्कि फिल्म लोगों के आशीर्वाद और दुआओं से बनती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूख का अपमान करने वाले लोग कभी सफल नहीं हो सकते। अक्षय का यह निर्भीक और मानवीय पक्ष देखकर सेट पर मौजूद हर शख्स हैरान था। यह वाकया साबित करता है कि पर्दे पर नकारात्मक भूमिकाएं निभाने वाला यह कलाकार असल जिंदगी में सिद्धांतों और नैतिकता से कभी समझौता नहीं करता। बता दें कि फिल्म धुरंधर में रहमान डकैत के खूंखार विलेन के रूप में अक्षय खन्ना की अदाकारी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। लेकिन अभिनय की बारीकियों के अलावा अक्षय अपनी उस इंसानियत के लिए भी जाने जाते हैं, जिसकी झलक ग्लैमर की दुनिया में कम ही देखने को मिलती है। हाल ही में उनके एक पुराने सहयोगी ने अक्षय खन्ना के उस रूप का खुलासा किया है, जब उन्होंने एक साथी कलाकार के सम्मान के लिए पूरी प्रोडक्शन टीम और निर्माता की क्लास लगा दी थी।



## मकसद महत्वपूर्ण है, झंडे नहीं : दिलजीत दोसांझ

मुंबई (ए.)। हाल ही में कनाडा के कैलगरी में हुए अपने कॉन्सर्ट के दौरान गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने

झंडों और बैनरों को लेकर उत्पन्न हुए विवाद पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब कॉन्सर्ट में भीड़ के कुछ सदस्यों द्वारा खालिस्तान के समर्थन में झंडे लहराए गए, जिस पर दिलजीत दोसांझ ने स्टेज से ही कड़ी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने खालिस्तानी समर्थकों से कहा कि वे अपने झंडे कहीं और ले जाएं और इस जगह का इस्तेमाल उसी उद्देश्य के लिए करें जिसके लिए यह बनी है—यानी संगीत और मनोरंजन। दिलजीत ने आगे बताया कि कॉन्सर्ट में बाधा डालने और उनके खिलाफ विरोध के तौर पर झंडों का इस्तेमाल करने के कारण ही उन व्यक्तियों को हटाया गया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया के स्टोरीज सेक्शन में इसे एक फेक नैरेटिव करार दिया। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि वह किसी को भी अपने प्रशंसकों को परेशान करने या उनके शो में रुकावट डालने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेंगे। दिलजीत ने पंजाबी में एक विस्तृत पोस्ट साझा करते हुए अपनी बात रखी।

# पाकिस्तान की फिर किरकिरी, 'धुरंधर' का जवाब बताकर रिलीज की 'मेरा ल्यारी'; टिकट बिक्री जानकर छूट जाएगी हंसी

पाकिस्तानी फिल्म 'मेरा ल्यारी' के मेकर्स ने दावा किया था कि यह बॉलीवुड फिल्म 'धुरंधर' का जवाब है। हाल ही में यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई। जानिए, क्या सच में 'मेरा ल्यारी' फिल्म 'धुरंधर' की बराबरी बॉक्स ऑफिस पर कर सकी है।

फिल्म 'धुरंधर' के रिलीज होने के बाद से ही पाकिस्तान का 'ल्यारी' शहर चर्चा में आ गया था। फिल्म में इस शहर में होने वाले अपराध को दिखाया गया जिसे देखकर पाकिस्तानी दर्शक नाराज हो गए। इसी बीच एक पाकिस्तानी फिल्ममेकर ने 'मेरा ल्यारी' नाम से फिल्म बनाई, जिसे फिल्म 'धुरंधर' का जवाब बताकर रिलीज किया गया। अब फिल्म 'मेरा ल्यारी' की टिकट बिकने से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई, जो चौंकाने वाली है।

**'धुरंधर 2' के मुकाबले में खड़ी हो सकी 'मेरा ल्यारी'?**




मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म 'मेरा ल्यारी' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुई। इस फिल्म की सिर्फ 22 टिकटें बिकी हैं। फिल्म को कुछ ही दिनों में सिनेमाघरों से हटा दिया गया है। जबकि बॉलीवुड फिल्म 'धुरंधर 2' अब तक भारतीय बॉक्स ऑफिस पर मौजूद है, वर्ल्डवाइड भी यह फिल्म जोरदार कलेक्शन कर रही है।

आदित्य धर निर्देशित और रणवीर सिंह स्टारर फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 56वें दिन तक कुल 1,144.21 करोड़ रुपये कलेक्शन किया है। जबकि वर्ल्डवाइड 1,846.92 करोड़ रुपये की कमाई इस फिल्म ने अब तक की है।

**क्या थी फिल्म मेरा ल्यारी की कहानी?**

पाकिस्तानी फिल्म 'मेरा ल्यारी' की कहानी की बात करें तो इसमें घरेलू हिंसा और भेदभाव का जिक्र है। साथ ही एक लड़की के सपनों की कहानी है, जो फुटबॉलर ट्रेनर है। वह लड़कियों को फुटबॉल सिखाना चाहती है। इस राह में उसे कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

# लाजियो को 2-0 से हराकर इंटर मिलान ने 10वीं बार जीता कोप्पा इटालिया का खिताब

रोम ,(ए.)। इंटर मिलान ने लाजियो पर 2-0 से जीत के साथ अपना दसवां कोप्पा इटालिया फुटबॉल खिताब जीता। इस जीत के साथ ही इंटर मिलान ने इस सीजन का ऐतिहासिक डोमेस्टिक डबल पूरा किया। इंटर मिलान ने इसी साल मई में तीन मुकाबले बाकी रहते हुए 21वां सीरी ए के खिताब को अपने नाम किया था। टीम के लिए पहला गोल मार्कस थुरम ने किया। फेडेरिको डिमार्को के कॉर्नर पर मार्कस थुरम का शानदार हेडर लाजियो के खिलाड़ी एडम मारुसिक से टकराकर गोल पोस्ट में चला गया। इसके बाद मैच के 35वें मिनट में इंटर मिलान ने अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। पेनल्टी बॉक्स से दिए गए डेनजेल डमफ्रीज के शानदार पास को लुटारो मार्टिनेज ने खाली पड़े गोल पोस्ट में पहुंचाया।लाजियो के खिलाफ फाइनल में मिली धमाकेदार जीत के बाद इंटर मिलान के मैनेजर क्रिस्टियन चिवु ने इंटरव्यू में अपनी भावनाएं शेयर कीं। उन्होंने कहा, इंटर ने इस सीजन में दो ट्रॉफी जीती हैं, और हम इसके हकदार थे क्योंकि हमारा कैंपेन बहुत अच्छा रहा। हमने इन वर्षों में जो भी कुछ हासिल किया है, उसके लिए हम बेहद खुश हैं।उन्होंने आगे कहा, हमें इन जबरदस्त फैंस और क्लब के लिए भी खुशी है, जिन्होंने हमेशा हमारा साथ दिया है। हम इस सीजन में




जो कुछ भी हासिल करेंगे, उसका आनंद लेंगे। लीग और कोप्पा इटालिया जीतना कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे आप हल्के में ले सकते हैं; दो ट्रॉफी उठाना कभी आसान नहीं होता।

लौटारो मार्टिनेज ने कहा, हमारे लिए यह एक बहुत ही जरूरी और सार्थक जीत है, पिछले साल के बाद वापसी करना आसान नहीं था। हम खेल, तेजी, परफॉर्मेंस और नतीजों के मामले में सच में एक महत्वपूर्ण सीजन बनाने में कामयाब रहे। मैं खुश हूं क्योंकि हम साल को दो ट्रॉफी के साथ खत्म कर रहे हैं; यह हमारे लिए सच में बहुत जरूरी रहा है। हाल के सालों में हमने जो कुछ भी किया है, उसके लिए इंटर मिलान के बारे में हमेशा बहुत बातें होती हैं, लेकिन हमें खिताब जीतने के लिए इसी रास्ते पर चलते रहना होगा क्योंकि हम यही चाहते हैं: इस सीजन में हमने दो जीते हैं और हम सच में बहुत खुश हैं।

## मेंस क्रिकेट टीम की कोच बनीं महिला क्रिकेटर

नईदिल्ली,(ए.)। क्रिकेट में एक नया अध्याय तब जुड़ गया जब एक महिला क्रिकेटर को सीनियर मेंस टीम का कोच बना दिया गया. ये खूबसूरत अध्याय इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने लिखा है. जब बोर्ड ने इंग्लैंड की पूर्व विकेटकीपर- महिला बल्लेबाज सारा टेलर को इंग्लैंड की सीनियर पुरुष टीम का का फील्डिंग कोच नियुक्त किया. इसके साथ वो मेंस टीम के साथ काम करने वाली पहली महिला बन गई.

सारा टेलर न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से ही फील्डिंग कोच की भूमिका में नजर आएंगी. टेलर इस घरेलू सीरीज में ही फील्डिंग कोच के रूप में काम करेंगी, क्योंकि नियमित कोच कार्ल हॉपकिंसन आईपीएल में मुंबई इंडियंस के साथ व्यस्त हैं.इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब ने न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के लिए टीम की घोषणा करते हुए टेलर की नियुक्ति की पुष्टि की और कहा, मुझे लगता है कि वह अपने काम में सर्वश्रेष्ठ हैं. उन्होंने एंड्रयू फ्लिंटॉफ और एड बार्नी के साथ बड़े पैमाने पर काम किया है. मैं उनकी जितनी भी तारीफ करूं कम है, वह किसी से कम नहीं हैं.

यह भूमिका टेलर के कोचिंग करियर में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसमें काउंटी और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में विभिन्न क्षमताओं में काम करना शामिल है, जिसमें ससेक्स काउंटी क्रिकेट क्लब और मैनचेस्टर ओरिजिनल्स शामिल हैं. उन्होंने इंग्लैंड लायंस के साथ रहते हुए इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ के साथ भी मिलकर काम किया है.

## आईपीएल 2026ः विराट कोहली ने आईपीएल करियर का 9वां शतक लगाया, बने प्लेयर ऑफ द मैच

रायपुर,(ए.) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 57वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली ने कोलकाता नाइट राइडर्स के



खिलाफ बेहतरीन शतकीय पारी (105*) खेली। यह उनके आईपीएल करियर का कुल 9वां शतक रहा। अपनी शतकीय पारी के दौरान उन्होंने टी-20 क्रिकेट में 14,000 रन पूरे किए। उनकी बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मैच में 6 विकेट से जीत दर्ज की। कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

कोहली ने पारी का दूसरा ओवर करने आए वैभव अरोड़ा की जमकर खबर ली। इस दिग्गज बल्लेबाज ने अरोड़ा के ओवर में 4 चौके लगाए। पिछली 2 पारियों में शून्य पर आउट होने वाले कोहली आज बेहतर लय में नजर आए और उन्होंने 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस बीच उन्होंने पडिक्कल के साथ मिलकर 92 रन की साझेदारी की। उन्होंने अपनी पारी को शतक में तब्दील किया।

कोहली टी-20 क्रिकेट में 14,000 रन बनाने वाले विश्व के सिर्फ छठे बल्लेबाज बने हैं। वह अब क्रिस गेल, जोस बटलर, एलेक्स हेल्स, डेविड वार्नर और कीरोन पोलार्ड ही ये आंकड़ा छूने में सफल हुए हैं। बता दें कि गेल ने 463 टी-20 मैचों में 14,562 रन, पोलार्ड ने 735 मैचों में 14,482 रन, हेल्स ने 528 मैचों में 14,449 रन, वार्नर ने 439 मैचों में 14,284 रन, और बटलर ने 14,200 रन बनाए हुए हैं।

कोहली ने आईपीएल 2026 के दौरान ही लीग में अपने 9,000 रन पूरे किए थे। उन्होंने अपने बेमिसाल करियर में लगभग 40 की औसत के साथ 9,100 से अधिक रन बनाए हैं। वह लीग में 9 शतक और 66 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। आईपीएल में उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 113 रन रहा है। आईपीएल के इतिहास में कोहली के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 8,000 रन भी नहीं बना सका है।

आईपीएल में कोहली के बाद बटलर ने 7 शतक लगाए हुए हैं। इस सूची में केएल राहुल और गेल ने आईपीएल में 6-6 शतक लगाए हुए हैं। यह कोहली का टी-20 क्रिकेट में कुल 10वां शतक है। बता दें कि टी-20 प्रारूप में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ गेल (22), और बाबर आजम (13) ने लगाए हैं। उन्होंने टी-20 में शतकों के मामले में वार्नर (10) की बराबरी की है।

# श्रीलंका में गदर मचाने के लिए BCCI ने किया India A टीम का ऐलान, 15 साल के खिलाड़ी की सरप्राइज एंट्री; इसे मिली कप्तानी

नई दिल्ली (ए.) भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने जून 2026 में श्रीलंका की धरती पर होने वाली रोमांचक ट्राई नेशन वनडे सीरीज के लिए 'इंडिया ए' (India A) टीम की आधिकारिक घोषणा कर दी है। सेलेक्शन कमेटी ने इस अहम दौरे के लिए युवा और आक्रामक खिलाड़ियों से सजी 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है। इस युवा ब्रिगेड की कमान होनहार बल्लेबाज तिलक वर्मा के हाथों में सौंपी गई है, जबकि शानदार फॉर्म में चल रहे रियान पराग को उपकप्तान की अहम जिम्मेदारी दी गई है। इस टीम चयन में चयनकर्ताओं ने साफ संदेश दिया है कि घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में दमदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का पूरा मौका मिलेगा।

### 15 साल के 'वंडर बॉय' और IPL स्टार्स की चमकी किस्मत

इस टीम चयन में सबसे ज्यादा सुर्खियां महज 15 साल के युवा टैलेंट वैभव सूर्यवंशी ने बटोरी हैं, जिनकी टीम में सरप्राइज एंट्री हुई है। इतनी कम उम्र में इंडिया ए का टिकट कटवाकर वैभव ने हर किसी को हैरान कर दिया है और क्रिकेट जगत की नजरें अब इस युवा खिलाड़ी पर टिक गई हैं। इसके अलावा, पंजाब किंग्स के लिए बल्ले से जमकर तबाही मचाने वाले ताबड़तोड़ बल्लेबाज प्रियांश आर्य को भी उनके शानदार प्रदर्शन का




बड़ा इनाम मिला है। चयनकर्ताओं ने आयुष बडोनी, निशांत सिंधु और हर्ष दुबे जैसे प्रतिभाशाली युवाओं को भी मौका देकर टीम को एक नया और मजबूत रूप दिया है। विकेटकीपर के तौर पर प्रभसिमरन सिंह और कुमार कुशाग्र को स्क्वॉड में शामिल किया गया है।

### दांबुला में होगी वनडे सीरीज की टक्कर, गेंदबाजी में दिखेगा दम

सीमित ओवरों की इस ट्राई सीरीज के सभी रोमांचक मुकाबले दांबुला के मैदान पर खेले जाएंगे, जिसमें इंडिया ए को श्रीलंका ए और अफगानिस्तान ए की टीमों से कड़ी चुनौती मिलेगी। तेज गेंदबाजी आक्रमण को धार देने के लिए यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज और अरशद खान को शामिल किया गया है, जबकि सूर्यांश शेडगे और विपराज निगम जैसे खिलाड़ी स्पिन और ऑलराउंडर की भूमिका में टीम को बेहतरीन संतुलन प्रदान करेंगे। सीमित ओवरों की इस टक्कर के बाद इंडिया ए की टीम श्रीलंका ए के खिलाफ गॉल में दो मल्टी-डे (रेड बॉल) मुकाबले भी खेलेगी। हालांकि, क्रिकेट बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उस रेड बॉल सीरीज के लिए एक अलग टीम का ऐलान बाद में किया जाएगा।

इंडिया ए स्क्वॉडः तिलक वर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग (उपकप्तान), आयुष बदोनी, निशांत सिंधु, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विपराज निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज, अरशद खान।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम का ऐलान, जेम्स रियू और एमिलियो गे को मिला मौका

नईदिल्ली, (ए)। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने 4 जून से लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। जैक क्रॉली की जगह जेम्स रियू और एमिलियो गे को मौका मिला है। वहीं, ओली रॉबिन्सन की 2 साल से अधिक समय बाद वापसी हुई है। इंग्लैंड की यह टीम ऑस्ट्रेलिया में 4-1 से एशेज सीरीज हारने के बाद काफी बदली हुई नजर आ रही है। बेन स्टोक्स टीम के कप्तान होंगे।मार्क वुड चोटिल होने के कारण उपलब्ध नहीं हैं। वहीं, ब्रायडन कार्स भी चोट के कारण टीम से बाहर हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए भी ज्यादा मैच नहीं खेल सके। पहले टेस्ट के लिए ऐसी है इंग्लैंड की टीमः बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, गस एटकिंसन, सॉनी बेकर, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, बेन डकेट, मैथ्यू फिशर, एमिलियो गे, जेम्स रियू, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर) और जोश टंग।

# विदेश समाचार

## रूस ने कीव पर दागे ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल, एक की मौत

कीव, (आरएनएस)। रूस और यूक्रेन का एक-दूसरे पर हमला जारी है। रूस ने गुरुवार तड़के राजधानी कीव पर एक साथ कई ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल हमले किए हैं। घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि 31 से अधिक लोग घायल हैं। यूक्रेन की प्रधानमंत्री यूलिया स्विरिडेन्को ने कहा कि रूस ने हमले में कई शहरों में नागरिक बुनियादी ढांचे और आवासीय इमारतों को निशाना बनाया है, जिससे कीव को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।कीव के सैन्य प्रशासन प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि रूस बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन के उपयोग से शहरों पर हमला कर रहा है, जिसमें यूक्रेन के 6 जिलों में नुकसान दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि हमले में क्रेमेंचुक, बिला त्सेरक्वा, खार्किव, सूमी और ओडेसा शहरों में आवासीय अपार्टमेंट धवस्त हुए और पानी आपूर्ति बाधित हो गई। डार्नित्सिया जिले में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत आंशिक रूप से ढह गई, जिससे 27 लोग मलबे के नीचे दब गए।

इससे पहले, बुधवार को रूस ने कीव, पोलिश सीमा के पास स्थित पश्चिमी शहर लविव और काला सागर बंदरगाह ओडेसा सहित अन्य क्षेत्रों पर हमला किया था, जिसमें 6 लोग मारे गए थे। यह हमला ऐसे समय पर हो रहा है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को मॉस्को-कीव के बीच जल्द लड़ाई खत्म करने के लिए एक समझौते पहुंचने की बात कही थी। व्लादिमीर पुतिन ने भी पिछले हफ्ते यूक्रेन पर हमला समाप्त करने की संभावना जताई थी।

## डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग ने ईरान के पास परमाणु हथियार का विरोध किया

बीजिंग, (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के 2 दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई उनकी द्विपक्षीय बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं हो सकता है। ट्रंप और शी ने ऊर्जा के मुक्त प्रसार के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने का समर्थन किया है।

बयान में कहा गया, ट्रंप की शी के साथ अच्छी बैठक हुई। दोनों पक्षों ने आर्थिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की, जिसमें अमेरिकी व्यापार के लिए चीन में बाजार खोलने और हमारे यहां चीनी निवेश बढ़ाना शामिल था। ट्रंप ने अमेरिकी कृषि उत्पाद की चीनी खरीद को बढ़ाने पर जोर दिया है। बयान में कहा गया, शी ने भविष्य में होर्मुज पर चीन की निर्भरता कम करने के लिए और ज़्यादा अमेरिकी तेल खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है।

## दक्षिण कोरिया की मिसाइल ने बढ़ाई चीन, अमेरिका की टेंशन

सियोल,(ए)। प्रशांत महासागर के रणनीतिक जलक्षेत्र में अमेरिका और चीन के बीच जारी वर्चस्व की जंग अब आसमान के उस छोर पर पहुंच गई है, जहां जीत का फैसला मिसाइलों की रफ्तार और अचूक मारक क्षमता से होगा। इसी महाशक्ति संघर्ष के बीच दक्षिण कोरिया ने अपनी रक्षा कंपनी हनवा एयरोस्पेस के माध्यम से एक ऐसा दांव चला है, जिसने वैश्विक रक्षा विशेषज्ञों को हैरान कर दिया है। दक्षिण कोरिया द्वारा विकसित की जा रही लॉन्ग रेंज एयर टू एयर मिसाइल केवल एक हथियार नहीं, बल्कि उस एशियाई चक्रव्यूह का जवाब है जिसने अब तक पश्चिमी तकनीक पर निर्भरता बनाए रखी थी।

# पाकिस्तानी एयरबेस पर संदिग्ध सी130 हरकुलस विमान आया नजर, अमेरिका चिंतित

### चीन की सेटेलाइट कंपनी ने जारी की तस्वीर, दावा- ईरान का हो सकता है यह विमान




इस्लामाबाद,(ए)। पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस को लेकर बड़ा खुलासा अब सामने आया है, जिसने दुनिया भर में हलचल मचा दी है। चीन की सेटेलाइट तस्वीर कंपनी ने एक ऐसी तस्वीर जारी की है, जिसमें एयरबेस पर संदिग्ध सी130 हरकुलस विमान दिखाई दिया है। दावा किया जा रहा है कि यह विमान ईरान का हो सकता है। इस खबर के सामने आते ही अमेरिका समेत कई देशों में बहुत ज्यादा चिंता बढ़ गई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ये तस्वीरें अप्रैल 2026 की है। पाकिस्तान के बेहद अहम नूर खान एयरबेस पर खड़ा एक ऐसा विमान दिख रहा है जिसका रंग और डिज़ाइन पाकिस्तान एयरफोर्स के विमानों से बहुत अलग है। विमान पर रेगिस्तानी इलाके में इस्तेमाल होने वाला सैंड कैमोफ्लाज़ पेंट किया गया है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान आमतौर पर ग्रे रंग के सैन्य विमान इस्तेमाल करता है। जबकि यही खास पैटर्न ईरान की एयरफोर्स अपने सी130 विमानों में इस्तेमाल करती है।यही वजह है कि अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या पाकिस्तान अपने एयरबेस में ईरानी सैन्य विमानों को छिपा कर रख रहा है। कुछ अमेरिकी रिपोर्ट्स में पहले भी आशंका जताई गई थी कि पाकिस्तान गुप्त रूप से ईरान को मदद पहुंचा रहा है और इसके विमानों को सुरक्षित जगह दे रहा है। इस पूरे मामले में इसलिए भी ज्यादा तूल पकड़ लिया क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन के दौरे पर हैं। ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति सी जिनपिंग की मुलाकात से पहले इन तस्वीरों का सामने आना बेहद अहम माना जा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक माना जा रहा है कि चीन ने जानबूझकर यह तस्वीरें जारी की है ताकि पाकिस्तान की भूमिका दुनिया के सामने लाई जा सके। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह साबित हो जाता है कि पाकिस्तान ने ईरानी सैन्य विमानों को अपने एयरबेस पर जगह दी तो अमेरिका नाराज हो सकता है। पाकिस्तान लंबे समय से आर्थिक और सैन्य मदद के लिए अमेरिका पर निर्भर रहा है। ऐसे में यह खुलासा उसके लिए बहुत बड़ी मुश्किल खड़ी कर सकता है।

## प्लेन क्रैश के बाद 5 घंटे तक समुद्र में जूझते रहे यात्री, फिर हुआ चमत्कार और बच गई 11 लोगों की जान

### समुद्र में विमान का कोई मलबा नहीं मिला

फ्लोरिडा,,(ए)। अमेरिका के फ्लोरिडा तट के पास समुद्र में हुए एक विमान हादसे में 11 लोगों की जान बाल-बाल बच गई। विमान के समुद्र में गिरने के बाद सभी लोग करीब 5 घंटे तक एक लाइफ राफ्ट पर फंसे रहे। उनके पास मदद के लिए किसी से संपर्क करने का कोई साधन नहीं था और उन्हें यह भी नहीं पता था कि कोई उन्हें बचाने आएगा भी या नहीं। इस दौरान तेज तूफान आने की आशंका के बीच सभी लोग एक तिरपाल के नीचे बैठकर खुद को बचाने की कोशिश करते रहे। बाद में अमेरिकी सेना और बचाव दल के हेलीकॉप्टर वहां पहुंचे और सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।अधिकारियों के मुताबिक, हादसे का शिकार हुआ विमान बीचक्राफ्ट 300 किंग एयर टर्बोप्रॉप था। यह विमान बहामास के ग्रेट अबाको द्वीप स्थित मार्श हार्बर से फ्रीपोर्ट के ग्रैंड बहामा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जा रहा था। मंगलवार को उड़ान के दौरान विमान का इंजन खराब हो गया, जिसके बाद पायलट ने फ्लोरिडा के वेरो बीच से करीब 80 किलोमीटर दूर समुद्र में इमरजेंसी लैंडिंग यानी डिचिंग की। पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान में मौजूद 10 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और सभी को पीले रंग की लाइफ राफ्ट पर पहुंचाया। गनीमत रही कि हादसे में 3 लोगों को सिर्फ मामूली चोटें आईं।

# डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग की मुलाकात; अमेरिकी राष्ट्रपति बोले-हमारा भविष्य एक साथ शानदार होगा

बीजिंग, (आरएनएस)। चीन के 2 दिवसीय दौरे पर पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को अपने समकक्ष शी जिनपिंग से बीजिंग में मुलाकात की। यहां द्विपक्षीय बातचीत शुरू होने से पहले दोनों ने अपने प्रारंभिक भाषण दिए। ट्रंप ने कहा कि चीनी राष्ट्रपति से मिलना और उनको मित्र कहना सम्मान की बात है, अमेरिका-चीन का भविष्य एक साथ शानदार होगा। भाषण से पहले ट्रंप का शी ने पीपुल्स ग्रेट हॉल के प्रवेश द्वार पर स्वागत किया, जहां सैन्य परेड हुई।

अपने भाषण में ट्रंप ने कहा, हमारा तालमेल अच्छा रहा है, जब भी कोई कठिनाई आई, हमने उसका समाधान निकाला। मैं आपको फोन करता था और आप मुझे। लोगों को पता नहीं, जब भी हमें कोई समस्या हुई, हमने उसका समाधान जल्दी निकाल लिया। ट्रंप ने आगे कहा, आप एक महान नेता हैं, कभी-कभी लोगों को मेरा यह कहना पसंद नहीं आता, लेकिन यह सच है...आपके साथ होना और आपको मित्र कहना सम्मान की बात है...हमारा भविष्य एक-साथ शानदार होगा।



शी ने भाषण में कहा, पूरी दुनिया हमारी बैठक को देख रही है। वर्तमान में अभूतपूर्व परिवर्तन हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय स्थिति अस्थिर है। उन्होंने कहा, क्या चीन-अमेरिका थ्यूसीडाइड्स के जाल से बाहर निकलकर संबंधों का नया प्रतिमान बना सकते हैं? क्या हम वैश्विक चुनौतियों का सामना, दुनिया को अधिक स्थिरता और मानवता के भविष्य के हित में अपने द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक उज्जवल भविष्य बना सकते हैं? ये सवाल बेहद महत्वपूर्ण हैं, जिनका जवाब हमें-आपको देना होगा।शी ने कहा कि उनका हमेशा से मानना है कि चीन-अमेरिका के बीच मतभेद से ज्यादा साझा हित हैं। उन्होंने कहा कि एक क्षेत्र में सफलता दूसरे के लिए अवसर और एक स्थिर द्विपक्षीय संबंध दुनिया के लिए अच्छा है। चीन-अमेरिका दोनों को सहयोग से लाभ और टकराव से हानि होगी। शी ने कहा, हमें प्रतिद्वंद्वी नहीं साझेदार होना चाहिए, हमें सफलता-समृद्धि में मदद करनी चाहिए और नए युग में प्रमुख देशों से मिलकर रहने का सही रास्ता खोजना चाहिए।ट्रंप और शी दोनों गुरुवार को द्विपक्षीय बातचीत में टैरिफ, ईरान युद्ध, ताइवान और तकनीक समेत कई मुद्दों पर बात करने वाले हैं। उससे पहले दोनों के सौहार्दपूर्ण शब्दों ने इसमें कुछ प्रगति की संभावना जताई है। ट्रंप अमेरिकी कृषि उत्पादों, विमानों और अन्य सामानों की खरीद के लिए चीन से समझौता चाहते हैं, लेकिन उनके टैरिफ का मुद्दा बीच में आएगा। ट्रंप बीजिंग पर ईरान युद्ध समाप्त करने के लिए दबाव डालना चाहेंगे।

## जिनपिंग की ट्रंप को चेतावनी- ताइवान मुद्दे को ठीक से न संभाला गया तो होगा टकराव

बीजिंग,(आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के दौरे पर हैं। आज उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस दौरान जिनपिंग ने ताइवान को लेकर ट्रंप को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इस मुद्दे को ठीक से नहीं संभाला गया तो दोनों देशों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है। चीन की सरकारी मीडिया ने ये जानकारी दी है। जिनपिंग ने ताइवान को चीन-अमेरिका संबंधों का सबसे अहम मुद्दा बताया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जिनपिंग ने ताइवान मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगर इसे ठीक से नहीं संभाला गया तो यह अमेरिका-चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बहुत खतरनाक स्थिति में धकेल सकता है। जिनपिंग ने कहा, अगर इसे ठीक से संभाला जाए, तो द्विपक्षीय संबंध स्थिरता बनाए रख सकते हैं।

# जोरदार नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट गेट के सामने बैठकर किया प्रदर्शन

## अपहण कांड को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग



सीहोर (निप्र)। ढाबला गांव के किसान का अपहरण मामला जिले में सुर्खियों में बना हुआ है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर सैकड़ो किसानों और मेवाड़ा समाजजनों ने समाजसेवी सुरेंद्र सिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में बिलकिसगंज थाना पुलिस के द्वारा अपहरण के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किए जाने को लेकर कड़ा आक्रोश प्रकट किया। कलेक्ट्रेट पहुंच कर गुरुवार को अनेक किसानों और मेवाड़ा समाज जनों और पीड़ित के परिवार जनों ने जोरदार नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट गेट के सामने बैठकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर्ताओं ने प्रशासन से अपहरण के शिकार हुए प्रेम सिंह मेवाडा को न्याय दिए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने समाजसेवी सुरेंद्र सिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में सीधे कलेक्टर को ज्ञापन देने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में जबरदस्त हंगामा किया। ज्ञापन लेने पहुंचे नायब तहसीलदार को किसानों और मेवाड़ा समाज जनों ने वापस लौटा दिया। जोरदार नारेबाजी करते हुए लोग कलेक्ट्रेट गेट के सामने धरने पर बैठ गए। धरना प्रदर्शन में महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। इस दौरान कोतवाली टीआई रविंद्र यादव और पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। हंगामा को समाप्त करते हुए डिप्टी कलेक्टर जमील खान ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारी किसानों मेवाड़ा समाज जनों से ज्ञापन लिया। ज्ञापन के माध्यम से जिला प्रशासन से अपहण कांड को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने और डरा धमकाकर जमीन की जबरदस्ती की गई लिखापडी को निरस्त करने सहित परिवार को सुरक्षा प्रदान करने व दोषियो को सजा दिलाने की मांग की गई। कलेक्ट्रेट के बाद एसपी कार्यालय में भी कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। पीड़ित प्रेमसिहं मेवाडा पिता मुंशीलाल मेवाडा निवासी ग्राम ढाबला ने बताया कि 12 मई मंगलवार को सुबह 9 बजे के दरमियान कार से पहुंचे कुछ गुंडो द्वारा मेरा अपहरण कर लिया गया। मुझे विभिन्न रस्तों से भोपाल ले जाया गया वहां पर मुझे डरा धमका कर जबरदस्ती मेरे नाम से रजिस्ट्रेट जमीन जिसका रकबा 7.64 एकड है, की लिखा पडी करायी गई। आधार कार्ड, मोबाईल, हाथो की उनलियो के फिंगरप्रिंट, आँखो की रेटिना की स्केनिगं मशीनो द्वारा जबरदस्ती ली गई है। बदमाशों ने मुझे ओर मेरे बच्चो को जान से मारने की धमकी देने के बाद मुझे शाम 6 बजे के करीब भोपाल के जवाहर चौक पर छोड दिया गया।

### गोपेश्वर महादेव मंदिर भगवान शिव और श्रीकृष्ण की भक्ति का अनूठा संगम- पंडित प्रदीप मिश्रा

सीहोर (निप्र)। शहर के मुगीसपुर के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी में गत दिनों पांच दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अलावा महायज्ञ का आयोजन किया गया था। यहां पर भव्य रूप से छह हजार स्क्वायर फीट परिसर में भगवान गोपेश्वर महादेव मंदिर का नवनिर्माण किया गया है। गुरुवार को यहां पर कालोनीवासियों ने गोपेश्वर माहदेव का विशेष श्रृंगार किया। इस मौके पर दर्शन के लिए पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहाकि कालोनी में नव निर्मित भव्य मंदिर भगवान शिव और श्रीकृष्ण की भक्ति का अनूठा संगम है।

इस मौके पर उन्होंने यहां पर मौजूद विठलेश सेवा, कुबेरेश्वरधाम और संस्कार मंच की महिला मंडल का स्वागत करते हुए कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि परिवारों में महिला को घर की आध्यात्मिक शक्ति, लक्ष्मी और धर्म की रक्षक माना जाता है। पारंपरिक हिंदू परिवारों की अगर सबसे बड़ी खासियत देखी जाए तो वो है घर में महिलाओं की मौजूदगी और उनका गहरा आध्यात्मिक जुड़ाव, हमारे समाज में स्त्रियों को हमेशा से ही देवी स्वरूप माना गया है।

### शिविर लगाकर की गई हेपेटाइटिस, एचआईवी तथा सिफलिस की जांच



सीहोर (निप्र)। राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 61 व्यक्तियों की हेपेटाइटिस बी एवं सी, एचआईवी तथा सिफलिस की जांच की गई। शिविर में डॉ रुचिरा उइके, पीयर सपोर्टर, आईसीटीसी काउंसलर, लैब तकनीशियन, परियोजना प्रबंधक उपस्थित थे।

### एनीमिया मुक्त भारत विषय पर संगोष्ठी आयोजित

सीहोर (निप्र)। स्वास्थ्य विभाग, भोपाल एम्स और एनएचएम द्वारा एनीमिया मुक्त भारत विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर इस दौरान प्रोफेसर पंकज, डॉ. दीप्ती डाबर, सुश्री अनुषा ऐवेनेजर और डॉ. पूर्वा मदानी द्वारा सीहोर जिले में एनीमिया पर किये गये अध्ययन एवं उसके प्राप्त परिणामों की व्याख्या की गई। डिप्टी डायरेक्टर डा. हीमानी यादव ने एनीमिया मुक्त भारत पर प्रकाश डाला और सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने सुझाव दिए। इस अध्ययन का उद्देश्य लोगो को एनीमिया के प्रति जागरूक करना एवं एनीमिया से होने वाले नुकसान से अवगत कराकर उपचार उपलब्ध कराना था।

### कुबेरेश्वरधाम पर प्रदोष के पावन अवसर पर एक क्विंटल फूलों से बाबा का विशेष श्रृंगार

**कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचे 35 हजार से अधिक श्रद्धालु, शाम को बाबा की आरती**



सीहोर (निप्र)। देश और विदेश में करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर आते है। गुरुवार को भी विठलेश सेवा समिति ने अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुबह करीब 5 क्विंटल नुक्ति और छह क्विंटल से अधिक खिचड़ी का भोग लगाकर देश की सबसे बड़ी भोजनशाला से भोजन प्रसादी का वितरण किया। इस मौके पर समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा और पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि गुरुवार को कुबेरेश्वरधाम पर प्रदोष के पावन अवसर पर एक क्विंटल फूलों से बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया था। यहां पर नियमित रूप से मुरली मनोहर मंदिर और धाम पर बाबा के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु आते है। आरती और भोजन प्रसादी के दौरान करीब 35 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था और उत्साह के साथ बाबा की पूजा अर्चना के पश्चात भोजनप्रसादी ग्रहण की। धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क रूप से पेयजल, भोजन और रुद्राक्ष का वितरण किया जाता है और गर्मी अधिक होने के कारण यहां पर समिति के द्वारा दोपहर में पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में शीतल पेयजल का निशुल्क वितरण किया जाता है।

# बिजली कंपनी द्वारा शिविर लगाकर किया गया बिजली संबंधी समस्याओं का निराकरण

सीहोर (निप्र)। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। महाप्रबंधक श्रीमती पूनम तुमराम ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के साथ सीधा संवाद कर उन्हें त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना और उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण करना है। विद्युत वितरण केन्द्रवार बनाए गये कलस्टरों पर शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में बिजली उपभोक्ताओं की बिल, मीटर, सर्विस केबल, कनेक्शन एवं तकनीकी सेवाओं संबंधी शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। प्रथम कलस्टर अंतर्गत 14 मई को सीहोर के वार्ड नं. 03 स्थित जोन 01 के वितरण केन्द्र और वार्ड नं 04 स्थित जोन 02 के वितरण केंद्रों पर शिविर आयोजित किए गए। इसी प्रकार ग्राम हिनोती, ग्राम कालियाखेड़ी, ग्राम भाउखेड़ी, ग्राम कचनारिया, ग्राम आलमपुरा, ग्राम बोरदीकला, ग्राम बगजखेड़ा, ग्राम बिछनी, ग्राम सिराड़ी, ग्राम करंजखेड़ा, नापलाखेड़ी, ग्राम अर्नियासुल्तानपुर, ग्राम अब्दुल्लापुर में शिविर लगाए गए। आष्टा के घनश्यामपुरा, ग्राम जगन्नाथपुरा, ग्राम हकीमाबाद, ग्राम छायानखुर्द, ग्राम सिंगारचोरी, ग्राम कचनारिया, ग्राम सुलखेड़ी, ग्राम झिलेला, ग्राम निमावरा में भी शिविर लगाकर नागरिकों की बिजली संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया।



**आगामी तिथियों में इन स्थानों पर लगेंगे शिविर**

अभियान के अंतर्गत 15 मई को वितरण केन्द्र खाचरोद अंतर्गत ग्राम हरर्राजखेड़ी में शिविर लगाया जाएगा। इसी प्रकार 16 मई को वितरण केन्द्र बागेर अंतर्गत ग्राम समरदा, वितरण केन्द्र कोठरी अंतर्गत ग्राम निपानिया में शिविर लगाया जाएगा। 18 मई को वितरण केन्द्र अमलाहा अंतर्गत ग्राम कालियाखेड़ी, वितरण केन्द्र बिजोरी अंतर्गत ग्राम जानपुरबावड़िया, वितरण केन्द्र बिलकिसगंज अंतर्गत ग्राम वीरपुर, वितरण केन्द्र इछावर अंतर्गत ग्राम सेवनिया, वितरण केन्द्र खजूरीकला अंतर्गत ग्राम सिराड़ी, वितरण केन्द्र अहमदपुर अंतर्गत ग्राम अहमदपुर, वितरण केन्द्र दिवड़िया अंतर्गत ग्राम मूण्डला, वितरण केन्द्र दोराहा अंतर्गत ग्राम तकिया, वितरण केन्द्र नापलाखेड़ी अंतर्गत ग्राम हसनाबाद, वितरण केन्द्र श्यामपुर अंतर्गत ग्राम बर्री, वितरण केन्द्र थूना अंतर्गत ग्राम दुपाड़ियाभील, वितरण केन्द्र भाउखेड़ी अंतर्गत ग्राम प्रतापुरा, वितरण केन्द्र ब्रिजिशनगर अंतर्गत ग्राम ब्रिजिशनगर, वितरण केन्द्र सीहोर शहर जोन-1 अंतर्गत वार्ड नं. 1, वार्ड नं. 2, वार्ड नं. 29, वितरण केन्द्र सीहोर शहर जोन-2 अंतर्गत वार्ड नं. 08, वितरण केन्द्र हकीमाबाद अंतर्गत ग्राम खेमपुर, वितरण केन्द्र जावर अंतर्गत ग्राम बमूलिया, वितरण केन्द्र आष्टा शहर अंतर्गत वार्ड नं. 03. वितरण केन्द्र मैना अंतर्गत ग्राम पटारियागोयल, वितरण केन्द्र मेहतवाड़ा अंतर्गत ग्राम गुराड़ियावर्मा, वितरण केन्द्र सिद्दीकगंज अंतर्गत ग्राम सिद्दीकगंज में शिविर लगाए जायेंगे।

### बाबा अमरनाथ सेवा मंडल ने सौंपा ज्ञापन, अमरनाथ यात्रियों के लिए मालवा में अतिरिक्त कोच बढ़ाने की मांग



सीहोर (निप्र)। बाबा अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी सीहोर के सदस्यों ने पश्चिम रेलवे डीआरएम रतलाम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मालवा एक्सप्रेस में यात्रियों की लंबी वेटिंग लिस्ट का हवाला देते हुए अतिरिक्त कोच लगाए जाने की मांग की गई। मंडल के सदस्य रामभरोस यादव ने बताया कि हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होते हैं, लेकिन ट्रेनों में सीट उपलब्ध नहीं होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मालवा एक्सप्रेस में लगातार लंबी वेटिंग रहने के कारण कई श्रद्धालुओं को यात्रा करने में कठिनाई हो रही है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि यात्रा अवधि के दौरान मालवा एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़े जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित यात्रा सुविधा मिल सके। इस दौरान मंडल के कई सदस्य बडी संख्या में मौजूद रहे।

# सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा ने जगाया महिला सशक्तिकरण का जज्बा; छात्राओं को दी प्रशासनिक सेवाओं में आने की प्रेरणा



सीहोर (निप्र)। एक सखा सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित समर इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत आज छात्र-छात्राओं ने शहर की नगर पुलिस अधीक्षक (CSP) डॉ. अभिनंदना शर्मा से मुलाकात की। इस विशेष सत्र का मुख्य केंद्र महिला सशक्तिकरण और भविष्य की चुनौतियों के लिए युवाओं को तैयार करना रहा।

**बेटियों को दी प्रशासनिक सेवा में आने की सीख**

चर्चा के दौरान डॉ. अभिनंदना शर्मा ने विशेष रूप से छात्राओं को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में लड़कियों का प्रशासनिक सेवाओं (Civil Services) में आना बेहद जरूरी है। मैडम ने समझाया कि प्रशासन में महिलाओं की भागीदारी न केवल समाज में संतुलन लाती है, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया को भी अधिक संवेदनशील और प्रभावी बनाती है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें और देश की सेवा के लिए बड़े लक्ष्य निर्धारित करें।

**रोचक कहानियों से किया मोटिवेट**

मुलाकात के दौरान सीएसपी मैडम ने अपने करियर के रोचक किस्से और संघर्ष की कहानियाँ साझा कीं। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत करते हुए पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली समझाई। साथ ही, आज के समय की सबसे बड़ी चुनौती साइबर क्राइम और सोशल मीडिया के खतरों से बचने के लिए व्यावहारिक टिप्स भी साझा किए।

**युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह**

मैडम के मार्गदर्शन से सभी युवा, विशेषकर छात्राएं, अत्यंत ऊर्जावान और प्रेरित महसूस कर रही थीं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उत्साहपूर्वक मैडम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में होस्ट रितु मेवाड़ा के साथ पलक नागर, दमक वर्मा, तनुजा परमार, सुहानी मेवाड़ा और रानू नागर प्रमुख , खुशी विश्वकर्मा ,एवं अन्य युवा उपस्थित रहीं। एक सखा संस्था का यह प्रयास है कि इस इंटर्नशिप के माध्यम से युवाओं को न केवल किताबी ज्ञान मिले, बल्कि वे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से मिलकर भविष्य के लिए एक बेहतर व्यक्तित्व का निर्माण कर सकें।

### कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को किया जा रहा जागरूक




सीहोर (निप्र)। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस द्वारा कॉलेज चलो अभियान संचालित किया जा रहा है। कॉलेज की समिति द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत ड्रॉप आउट विद्यार्थियों एवं ऐसे छात्र-छात्राओं को चिन्हित किया जा रहा है जो किसी कारणवश आगे की पढ़ाई से वंचित है अथवा कॉलेज में प्रवेश लेने के प्रति जागरूक नहीं है। प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि टीम द्वारा विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से व्यक्तिगत संपर्क कर संवाद के माध्यम से उच्च शिक्षा के महत्व, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों, शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्तियों एवं भविष्य निर्माण की संभावनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही स्कूलों में पहुंचकर कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को कॉलेज में उपलब्ध विभिन्न विषयों, नवीन शिक्षा नीति, कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रमों, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों, कैरियर अवसरों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।

# अकार्यशील सहकारी समितियों को कारण बताओ नोटिस जारी

सीहोर (निप्र)। प्रभारी उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सुधीर कैथवास द्वारा सीहोर जिले की 12 अकार्यशील सहकारी समितियों को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम के अंतर्गत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया हैं। यह नोटिस उन समितियों को जारी किया गया है, जो लंबे समय से निष्क्रिय हैं तथा जिनके द्वारा अंकेक्षण एवं निर्वाचन जैसी आवश्यक प्रबंधकीय प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया जा रहा है। प्रभारी उप पंजीयक सुधीर कैथवास ने बताया कि कार्यालयीन अंकेक्षण कक्ष की रिपोर्ट के आधार पर यह पाया गया है कि संबंधित समितियां वर्षों से अकार्यशील हैं। ऐसी स्थिति मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत आती है, जिसके कारण इन समितियों को परिसमापन में लाने की प्रक्रिया प्रस्तावित की गई है। कारण बताओ नोटिस में संबंधित समितियों को तीन सप्ताह की अवधि में सप्रमाण उत्तर प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया है। निर्धारित अवधि में उत्तर प्राप्त नहीं होने अथवा उत्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में संबंधित समितियों के विरुद्ध परिसमापन की प्रस्तावित कार्रवाई की जाएगी।

### नर्मदापुरम जिले में 3.81 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन

नर्मदापुरम (निप्र)। सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में नर्मदापुरम जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से जारी है। जिले में अब तक 42 हजार 743 से अधिक कृषकों से 3 लाख 81 हजार 567 मीट्रिक टन गेहूं का सफलतापूर्वक उपार्जन किया जा चुका है।खरीदी गई स्कंध मात्रा के विरुद्ध 3 लाख 65 हजार 800 मीट्रिक टन स्कंध का आर-2-टी किया जा चुका है। इसके साथ ही 2 लाख 98 हजार 994 मीट्रिक टन स्कंध के स्वीकृति पत्रक भी तैयार किए जा चुके हैं। गत वर्ष संपूर्ण उपार्जन अवधि में 35 हजार 293 कृषकों से 3 लाख 83 हजार 022 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई थी। वर्तमान वर्ष में अब तक गत वर्ष की तुलना में 7 हजार 450 अधिक किसानों द्वारा गेहूं का विक्रय किया जा चुका है। जिले में 132 पंजीयन केंद्रों के माध्यम से 73 हजार 296 किसानों का पंजीयन किया गया है। वहीं आज दिनांक तक 62 हजार 391 स्लॉट किसानों द्वारा बुक किए जा चुके हैं।किसानों को सुविधाजनक एवं व्यवस्थित खरीदी व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला एवं खंड स्तरीय उपार्जन समितियों द्वारा लगातार उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 22 मई को

सीहोर (निप्र)। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव के निर्देशानुसार 22 मई को दोपहर 03 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग, जिला पंजीयक एवं सहकारी संस्थायें, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

### राशन हितग्राही 15 मई से पहले प्राप्त कर लें मई और जून माह की राशन सामग्री

सीहोर (निप्र)। खाद्य विभाग द्वारा राशन हितग्राहियों को मई और जून दोनों महीनों की रशन सामग्री एक मुश्त प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। मई और जून का राशन एक साथ देने की अंतिम तिथि 15 मई तक बढ़ाई गई है, पहले अंतिम तिथि 30 अप्रैल थी। सभी राशन हितग्राहियों को सूचित किया गया है कि वे अपनी मई और जून माह की राशन सामग्री अपनी उचित मूल्य की दुकान से 15 मई से पहले प्राप्त कर लें।

### वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा के आवेदन की अंतिम तिथि 30 मई

सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 13 जून से 18 जून 2026 तक सीहोर जिले के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 मई 2026 है। आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट https://dharmasva.mp.gov.in से प्राप्त कर https://dpms.mp.nic.in पोर्टल के माध्यम से ही दर्ज किए जा सकते हैं। निर्धारित कोटे से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में पात्र आवेदकों का चयन कम्प्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। योजना के अंतर्गत 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति, जो अकेले यात्रा करने के लिए आवेदन करते हैं, उन्हें एक सहायक साथ ले जाने की पात्रता होगी।

# आवासीय खेल मैदान पर जारी समर कैंप, आरएसआई ने कालापीपल को 81 रन से हराया

## कुणाल ने खेली 34 रन की पारी, इशान ने लिए 3 विकेट



सीहोर (निप्र)। शहर के भोपाल नाका स्थित आरएसआई सीहोर क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार की सुबह आरएसआई और कालापीपल के मध्य मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में आरएसआई ने कालापीपल को 81 रन से हराया। इस दौरान कोच अक्षय दुबाने, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा और अजय चंदेल आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कोच अक्षय दुबाने ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरएसआई सीहोर क्रिकेट अकादमी ने 37 ओवर में दस विकेट खोकर 190 रन बनाए थे। इसमें कुणाल ने 34 रन, पलाश परमार ने 20 रन, रोहित चौहान ने 15 रन, कृष्णा-लोकेन्द्र ने 14-14 रन की पारी खेली। वहीं कालापीपल की ओर से गेंदबाजी करते हुए विनय-अनमोल ने तीन-ती विकेट, देवांश ने दो विकेट और वेदांत ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कालापीपल की टीम 108 रन पर सिमट गई। इसमें देवांश ने 24 रन, प्रियांशु ने 13 रन बनाए थे। इधर आरएसआई की ओर से गेंदबाजी करते हुए इशान ने तीन विकेट, पलाश, प्रिंस, लोकेन्द्र, दिव्यम, समर्थ ने एक-एक विकेट हासिल किया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com